मृदुभाषी
सच्ची खबरें, सलीके के साथ
इंदौर | भोपाल से एक साथ प्रकाशित
facebook.com/mradubhashi twitter.com/mradhubhashi www.mradubhashi.com
इंदौर, रविवार, 14 अप्रैल 2024
नगर संस्करण, वर्ष: 04, अंक: 232, पृष्ठ : 08, मूल्य: 5.00 रुपए

इजराइल के साथ तनाव के बीच खामेनेई की कुख्यात आर्मी का बने शिकार

ईरान के कब्जे में 17 भारतीय

तेल अवीव। ईरान की नौसेना के कमांडो ने इजराइल से जुड़े जिस जहाज पर कब्जा किया है, उसमें भारतीय नागरिकों के सवार होने की जानकारी सामने आई है। बताया गया है कि यूएई से चले इस जहाज के बोर्ड पर 17 भारतीय नागरिक मौजूद थे। एमएससी एरीज नाम का ये जहाज मुंबई के जवाहरलाल नेहरू पोर्ट के लिए आ रहा था। जहाज पर होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रहा था, उसी समय हेलीकॉप्टर से उतरे ईरान के इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के कमांडों ने जहाज पर कब्जा कर लिया। जहाज पर मौजूद भारतीयों के बारे में अभी कोई और जानकारी सामने नहीं आई है।

ईरान की सरकारी न्यूज एजेंसी ने जहाज के ईरान के कब्जे में होने की पुष्टि की है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इजराइल के साथ रिश्ते के आरोप में एमएससी एरीज पर कब्जा किया गया है। लंदन की कंपनी जोडियाक मेरिटाइम के इस जहाज पर पुर्तगाल का झंडा लगा हुआ था। जोडियाक ग्रुप इजराइली अरबपति इयार ओफेर का है। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया है जिसमें दिखाई दे रहा है कि हेलीकॉप्टर से हथियारबंद कमांडो जहाज पर उतर रहे हैं। वीडियो में नजर आ रहा हेलीकॉप्टर ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड से जुड़ा बताया जा रहा है। रिवॉल्यूशनरी गार्ड पहले भी जहाजों पर हमले कर चुका है। ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड को अमेरिका ने आतंकी संगठनों की लिस्ट में डाल रखा है। ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई को सीधे रिपोर्ट करने वाले रिवॉल्यूशनरी गार्ड की नेवी समय फारस की खाड़ी में ऑपरेशन के लिए कुख्यात है।

ईरान और इजराइल के तनाव का शिकार भारतीय

ईरान ने इजराइली जहाज पर कब्जे की घटना को ऐसे समय में अंजाम दिया है जब लगभग दो सप्ताह पहले हुए हमले के चलते दोनों देशों के बीच जंग जैसे हालात बने हुए हैं। 1 अप्रैल को सीरिया की राजधानी दमिश्क स्थित ईरान के वाणिज्य दूतावास पर मिसाइल से हमला हुआ था। हमले में ईरान की रिवॉल्यूशनरी गार्ड के सीनियर कमांडर जनरल मोहम्मद रेजा जहेदी और उनके डिप्टी समेत 7 ईरानी सैन्य अधिकारी मारे गए थे। ईरान ने इस हमले के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराते हुए अंजाम भुगतने की धमकी दी थी।

ईरानी हवाई क्षेत्र की तरफ उड़ान नहीं भरेंगे एयर इंडिया के विमान

इजराइल पर हमले की चेतावनी से पश्चिम एशिया में तनाव

नई दिल्ली। ईरान इजराइल पर बड़े हमले करने की तैयारी कर रहा है। ईरान की इस चेतावनी के बाद से मध्य पूर्व में तनाव बढ़ गया है। एयर इंडिया की फ्लाइट्स को भी ईरानी हवाई क्षेत्र की तरफ न जाने को कहा गया है। सूत्रों का कहना है कि ईरान के हवाई क्षेत्र से बचने के लिए यूरोप के लिए एयर इंडिया की उड़ानों ने लंबे रूट्स लिए हैं। दरअसल इस महीने की शुरूआत में दमिश्क में ईरानी एंबेसी में हवाई हमला हुआ था। इसमें दो जनरलों सहित सात लोग मारे गए। कहा गया कि यह हमला इजराइल ने कराया था। इसी के बाद से दो मध्य पूर्वी देशों के बीच संबंध ठीक नहीं हैं।

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली से आज सुबह साढ़े 4 बजे लंदन के लिए रवाना हुआ एयर इंडिया का विमान अक161 ईरान के ऊपर से नहीं गया, बल्कि उसने लंदन जाने के लिए दूसरे रास्ते को चुना। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को भारतीय नागरिकों को सलाह दी थी कि वो अगले आदेश तक ईरान और इजराइल की यात्रा ना करें।

अमेरिका और बाकी खुफिया एजेंसियों ने किया था अलर्ट

अमेरिका और अन्य खुफिया तंत्रों ने कहा है कि जवाबी कार्रवाई रविवार को ही शुरू हो सकती है। यह अभूतपूर्व हमला एक व्यापक क्षेत्रीय युद्ध को जन्म दे सकता है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने इस सप्ताह की शुरूआत में चेतावनी दी थी कि इजराइल को दंडित किया जाना चाहिए और दंडित किया जाएगा। अयातुल्ला अली खामेनेई ने यह फैसला तब लिया जब उनके सलाहकार ने कहा था कि इजराइल के दूतावास अब सुरक्षित नहीं हैं। इजराइली सेना ने कहा कि उसने नागरिकों को नए निर्देश जारी नहीं किए हैं, लेकिन उसकी सेना हाई अलर्ट पर हैं और कई परिदृश्यों के लिए तैयार हैं। भारत, फ्रांस और रूस सहित देशों ने अपने नागरिकों को इस क्षेत्र की यात्रा के खिलाफ चेतावनी दी है, जो पहले से ही गाजा में युद्ध के कारण खतरे में है।

इजराइल की मदद के लिए आगे आया अमेरिका

सूत्रों का कहना है कि चूंकि ईरान दूतावास पर हमले को अपने क्षेत्र पर हमले के बराबर मानता था, इसलिए लेबनान में हिज्बुल्लाह जैसे प्रॉक्सी के बजाय ईरान की ओर से इजराइल की धरती पर सीधा हमला एक वास्तविक संभावना थी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन ने यह भी कहा कि वह उम्मीद कर रहे थे कि ईरान अल्पावधि में इजराइल पर हमला करने का प्रयास करेगा और गाजा में इजराइल के सैन्य आचरण पर राजनयिक तनाव के बावजूद वाशिंगटन के शीर्ष क्षेत्रीय सहयोगी के लिए आयरनक्लैड का वादा किया था। उन्होंने कहा कि हम इजराइल की रक्षा के लिए समर्पित हैं, हम इजराइल का समर्थन करेंगे, हम इजराइल की रक्षा करने में मदद करेंगे और ईरान सफल नहीं होगा। एक रक्षा अधिकारी ने कहा कि पेंटागन क्षेत्रीय प्रतिरोध प्रयासों को मजबूत करने और अमेरिकी बलों के लिए बल सुरक्षा बढ़ाने के लिए क्षेत्र में अतिरिक्त संपत्ति स्थानांतरित कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने पूछा- गेमिंग और गैंबलिंग की लड़ाई को कैसे हैंडल करते हैं?

देश के टॉप गेमर्स के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने की मुलाकात

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गेमिंग और गैंबलिंग की दुनिया के नामचीन लोगों से बातचीत की। बातचीत का एक पूरा वीडियो शनिवार को जारी किया गया था। पीएम मोदी को गेमर्स से कई सवाल पूछते हुए भी देखा गया। प्रधानमंत्री ने कुछ खेलों में भी अपना हाथ आजमाया। बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने गेमिंग और जुए के बीच के अंतर पर भीम चर्चा की। उन्होंने खिलाड़ियों से अपने कार्यालय को सटीक प्रमुख बिंदुओं के साथ अपनी सभी समस्याओं का उल्लेख करते हुए एक ई-मेल भेजने को भी कहा।

पीएम मोदी से मुलाकात के दौरान गेमर्स ने उनसे पूछा कि क्या गेमिंग के लिए कोई नियम बनाने वाली रेगुलेटरी बॉडी होना चाहिए? इस पर उन्होंने कहा कि ऐसा करना ठीक नहीं होगा। असल में, सरकार का काम ही दखल देना होता है, यही उसका स्वभाव है। मोदी ने आगे कहा कि या तो कानून बनाकर कुछ पाबंदियां लगाई जाएं, नहीं तो गेमिंग को अच्छे से समझने की कोशिश करें और हमारे देश की जरूरतों के हिसाब से इसे ढालें। इसे किसी व्यवस्थित, कानूनी ढांचे में लाया जाए और गेमिंग की साख को ऊपर उठाया जाए।

ग्लोबल वार्मिंग और स्वच्छ भारत पर बना गेम कैसा रहेगा?

मोदी ने बातचीत के दौरान कहा कि आजकल दुनिया के नेता ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन की बात करते हैं। हर कोई अलग-अलग उपायों की चर्चा करता है लेकिन मैंने दुनिया के सामने कुछ अलग पेश किया है और वो है मिशन लाइफ। अब जरा कल्पना कीजिए, जलवायु से जुड़ी समस्याओं को सुलझाने वाला एक गेम कैसा होगा? इस गेम में खिलाड़ी अलग-अलग तरीकों और उपायों को आजमाते हुए जलवायु के लिए सबसे टिकाऊ रास्ता खोज निकालेंगे। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि आप ह्यस्वच्छ भारतह्ल पर भी गेम बना सकते हैं। गेम की कहानी साफ-सफाई के इर्द-गिर्द घूम सकती है और हर बच्चे को ये गेम खेलना चाहिए। युवाओं को भारतीय मूल्यों को अपनाना चाहिए और उनके असली मतलब को समझना चाहिए।

ये पॉपुलर गेमर्स रहे शामिल

पीएम मोदी के साथ इस बातचीत में भारत के जाने-माने गेमर्स शामिल थे, जिनमें अनीमेष अग्रवाल, नमन माथुर, मिथलेश पटांकर, पायल धारे, तीर्थ मेहता, गणेश गंगाधर और अंशु बिष्ट हैं। भारत में गेमिंग इंडस्ट्री 2019 में तेजी से आगे बढ़ी और तब से, भारतीय पौराणिक कथाओं पर आधारित कई गेम सामने आए हैं, और सरकार इस रचनात्मकता को सराह रही है।

महाकाल मंदिर की सुरक्षा जांचने आएगी एनबीसी की टीम, मोबाइल-कैमरा पर बैन, पुजारियों के कार्य का भी होगा बंटवारा

एनबीसी की टीम तय करेगी मंदिर में कहां-कितने श्रद्धालु रहेंगे

उज्जैन। व्यवस्था जांचने पहुंची सर्वे टीम के वापस लौटने के बाद अब महाकालेश्वर मंदिर की दर्शन व्यवस्थाओं में कई बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। इसको लेकर मंदिर में जल्द ही नेशनल बिल्डिंग कोड (एनबीसी) की टीम आएगी, जो यहां आकर यह तय करेगी की मंदिर में कहां कितनी संख्या में श्रद्धालु रह सकते हैं। वहीं, गर्भगृह में भी पुजारी और सेवकों की संख्या तय की जाएगी। इसके साथ ही पुजारियों का कार्य का भी विभाजन किया जाएगा।

श्री महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में हुई 25 मार्च को हुई आग की घटना ने महाकालेश्वर मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए थे। इसके बाद से ही उज्जैन कलेक्टर ने अधिकारियों की एक टीम को देश के चार बड़े मंदिरों की दर्शन व्यवस्था की विजिट के लिए भेजा गया था। श्री महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में हुई आगजनी की घटना की अंतिम रिपोर्ट आना तो अभी बाकी है। किंतु अभी तक हुई जांच की प्रारंभिक रिपोर्ट उज्जैन कलेक्टर को सौंप दी गई हैं। साथ ही एक टीम देश के बड़े मंदिरों में दर्शन को लेकर सर्वे करके आई है। महाकालेश्वर मंदिर प्रशासक मृणाल मीणा ने बताया कि अब मंदिर में जल्द ही एक फायर अधिकारी नियुक्त किया जायेगा जो फुल टाइम सिक्योरिटी देगा। अब जल्द ही एनबीसी की टीम महाकाल मंदिर पहुंचेगी तथा महाकाल मंदिर की इमारत की जांच करेगी। इससे किस क्षेत्र में कितने श्रद्धालु एक बार में रुक सकते हैं इस बात की जांच भी की जाएगी। इसको लेकर मंदिर प्रशासक मीणा ने बताया कि उक्त टीम मंदिर के गर्भगृह, नंदी हाल, कार्तिकेय मंडपम, गणेश मंडपम, सभा मंडपम, टनल, एंट्री और एग्जिट द्वार पर जाकर इस बात की जानकारी जुटाएगी। फिर निर्णय लेगी की इन स्थानों पर एक बार में कितने भक्तों को प्रवेश दिया जाना चाहिए। ताकि हादसे के समय भक्त सेफ रहे। देशभर के चार बड़े मंदिरों की व्यवस्थाओं को देखने के बाद टीम ने यह माना की अन्य मंदिरों में भी पंडे पुजारियों को संख्या अधिक है लेकिन वहां पर एक साथ पुजारी गर्भगृह में प्रवेश नहीं करते है। सभी का अपना कार्यविभाजन है।

इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने के मामले में दूसरे नंबर पर रही कंपनी पर भ्रष्टाचार का केस

नई दिल्ली। चुनावी बॉन्ड खरीदने के मामले में दूसरे नंबर पर रही कंपनी मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई सीबीआई ने की है। सीबीआई ने बताया है कि मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड और एनएमडीसी आयरन एंड स्टील प्लांट और इस्पात मंत्रालय के आठ अधिकारियों के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार के मामले में मामला दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई 315 करोड़ रुपये की परियोजना के निष्पादन में हुई गड़बड़ियों के मामले में की गई है। सीबीआई ने शनिवार को यह जानकारी दी है। जांच एजेंसी ने बताया हैदराबाद स्थित मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के खिलाफ कथित तौर पर रिश्वत देने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस कंपनी ने 966 करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड्स खरीदे थे और इस मामले में दूसरे नंबर पर रही थी। सीबीआई के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि जगदलपुर एकीकृत इस्पात संयंत्र से संबंधित कार्यों के सिलसिले में मेघा इंजीनियरिंग के 174 करोड़ रुपये के बिलों को मंजूरी देने के लिए कथित तौर पर 78 लाख रुपये की रिश्वत दी गई। सीबीआई के अनुसार रिश्वत स्वीकार करने के आरोप में एनआईएसपी और एनएमडीसी के आठ अधिकारियों और मेकॉन के दो अधिकारियों के नाम भी प्राथमिकी में शामिल किए गए हैं। चुनाव आयोग की ओर से बीते 21 मार्च को जारी आंकड़ों के अनुसार, मेघा इंजीनियरिंग का नाम चुनावी बॉन्ड की दूसरी सबसे बड़ी खरीदार कंपनी के रूप में सामने आया था।

भारत के कोविड डेथ डेटा पर फिर उठे सवाल

नई दिल्ली। जानी-मानी हेल्थ जर्नल लैसेंट ने भारत में स्वास्थ्य की स्थिति सुधारने के लिए सही एनालिसिस और ऐक्शन जरूरी बताया है। इसके लिए लैसेंट ने सरकार से हेल्थ संबंधी डेटा शेयर करने में पारदर्शिता की मांग की है। पत्रिका ने अपने संपादकीय में भारत के हेल्थ सिस्टम पर फोकस किया है। ये लेख लोकसभा चुनाव से कुछ दिन पहले छापा गया है। 2018 में भी लैसेंट ने आम चुनाव से ठीक पहले इस तरह का लेख छापा था, जिसमें भारत के हेल्थ सिस्टम पर मोदी सरकार के कामों की सराहना की थी। भारत में चुनावः डेटा और पारदर्शिता के मायने नामक शीर्षक वाले लेख में लैसेंट ने कहा है कि स्वास्थ्य नीति, योजना और मैनेजमेंट के लिए सटीक और अपडेट डेटा जरीरी हैं, लेकिन भारत में ऐसे डेटा के संग्रह और प्रकाशन में गंभीर रुकावटें आई हैं। कोविड-19 महामारी के कारण 2021 की जनगणना में देरी हुई। ऐसा 150 सालों में पहली बार हुआ जब भारत या उसके नागरिकों पर कोई आधिकारिक व्यापक डेटा के बिना पूरा एक दशक बीत चुका है। लैसेंट ने अपने लेख में बताया है कि 2024 में एक इलेक्ट्रॉनिक सर्वे कराने वाली अगली जनगणना का वादा अभी तक पूरा नहीं हुआ है।

चिंता

वैश्विक स्तर पर रोजाना 3500 लोगों की हो रही मौत, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने जारी की चेतावनी

चीन के बाद हेपेटाइटिस बी-सी के मामलों में भारत दूसरा देश

नई दिल्ली। एजेंसी

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने अपनी हालिया रिपोर्ट में भारत में बढ़ते संक्रामक रोगों को लेकर चेतावनी जारी की है। रिपोर्ट के अनुसार साल 2022 में भारत में हेपेटाइटिस बी और सी के मामलों में काफी तेजी से वृद्धि दर्ज की गई है, इस साल 3.5 करोड़ से अधिक संक्रमण के मामले दर्ज किए गए हैं। चीन के बाद भारत हेपेटाइटिस बी और सी संक्रमण के सबसे अधिक मामले वाला दूसरा देश बन गया है। ये स्वास्थ्य के लिए गंभीर सूचक है।

डब्ल्यूएचओ की 2024 ग्लोबल हेपेटाइटिस रिपोर्ट के अनुसार, साल 2022 में वैश्विक स्तर पर 254 मिलियन (25.4 करोड़) लोग हेपेटाइटिस बी और 50 मिलियन (पांच करोड़) लोग हेपेटाइटिस-सी से पीड़ित थे। इतना ही नहीं वायरल हेपेटाइटिस के कारण मरने वालों की संख्या बढ़ रही है। विश्व स्तर पर इस संक्रामक रोगों के कारण प्रतिवर्ष 1.3 मिलियन (13 लाख) से अधिक मौतें होती हैं। दुनियाभर में होने वाले इस संक्रमण में से 11.6 प्रतिशत मामले अकेले भारत से ही रिपोर्ट किए जाते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा, सभी लोगों को इन संक्रामक रोगों के बारे में जागरूक रहना और बचाव के उपाय करते रहना जरूरी है। विश्व हेपेटाइटिस शिखर सम्मेलन में जारी रिपोर्ट में कहा गया है, हर दिन हेपेटाइटिस बी और सी संक्रमण के कारण वैश्विक स्तर पर 3,500 लोग मर रहे हैं। पांच प्रकार के वायरस, वायरल हेपेटाइटिस के विभिन्न रूपों का कारण बनते हैं जिनमें हेपेटाइटिस ए, बी, सी, डी और ई प्रमुख हैं। हेपेटाइटिस बी और सी संक्रमण मुख्यरूप से लिवर को प्रभावित करते हैं, इससे न सिर्फ लिवर में सूजन हो सकती है साथ ही गंभीर स्थितियों में लिवर डैमेज होने का भी जोखिम रहता है।

Hepatitis C

कैसे फैलता है हेपेटाइटिस बी और सी का संक्रमण?

हेपेटाइटिस-बी लिवर का संक्रमण है जो हेपेटाइटिस-बी नामक वायरस के कारण होता है। अधिकांश लोगों में ये संक्रमण कुछ समय में ठीक हो जाता है हालांकि कुछ स्थितियों में ये छह महीनेतक भी रह सकता है। वहीं हेपेटाइटिस-सी वायरस के कारण होने वाले लिवर की सूजन के कारण गंभीर रोग के मामले लिवर सिरोसिस और कैंसर तक का जोखिम हो सकता है। हेपेटाइटिस-बी का संक्रमण संक्रमित व्यक्ति के रक्त, वीर्य या शरीर का अन्य तरल पदार्थ के स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में प्रवेश से फैलता है। वहीं हेपेटाइटिस सी, संक्रमित व्यक्ति के रक्त के संपर्क में आने से होता है। अधिकांश लोग दवाएं तैयार करने और इंजेक्शन के लिए उपयोग की जाने वाली सुइयों को साझा करने से हेपेटाइटिस सी वायरस से संक्रमित हो जाते हैं।

क्या हैं इस संक्रमण के लक्षण?

हेपेटाइटिस-बी संक्रमण की स्थिति में लक्षण नजर आना जरूरी नहीं है। इसमें कुछ लोगों को बुखार, भूख में कमी, पेट में दर्द-उल्टी होने, कमजोरी और थकान की समस्या के साथ लिवर से संबंधित कुछ दिक्कतें हो सकती हैं। गंभीर स्थितियों में पीलिया, गहरे रंग का पेशाब होने, पेट या हाथ और पैरों में तरल पदार्थ के साथ सूजन की समस्या हो सकती है। इसी तरह से हेपेटाइटिस-सी के संक्रमण की स्थिति में पेट के ऊपरी हिस्से में दाहिनी तरफ दर्द, पेट में सूजन होने के साथ बुखार, खुजली, पीलिया जैसी दिक्कतें देखी जाती हैं। लक्षणों का समय रहते पहचान करना आवश्यक हो जाता है।

जीवोदय संस्था के जरूरतमंद बच्चों ने की पीटीसी की सैर

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

इंदौर। पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय इन्दौर की पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल के मार्गदर्शन में सामाजिक सरोकार के अंतर्गत जीवोदय संस्था इटारसी के बालगृह की संचालिका क्लारा एनिमोटिल ने अपनी संस्था के जरूरतमंद बच्चों और स्टाफ सदस्यों को विभिन्न स्थानों की सैर कराई। इनमें चिड़ियाघर, चोखी ढाणी, रालामंडल, आंबेडकर जन्म स्थली महू, सैन्य छावनी महू आदि शामिल थे।

ये सभी 10 अप्रैल से पीटीसी में भ्रमण के लिए आए थे। सभी को पीटीसी के हॉस्टल में रुकवाकर जीवोदय संस्था द्वारा भ्रमण कराया गया। 13 अप्रैल को पीटीसी का भ्रमण कराकर संस्था में दिये जाने वाले प्रशिक्षण के तरीकों को एवं संसाधनों का अवलोकन कराया गया। आउटडोर भ्रमण के दौरान निरीक्षक सुरेश कुमार मौर्य सीडीआई के द्वारा सीएनसीपी बच्चों को संस्था की जिम, कैंटीन, किलकारी, रोजनामचा ऑफिस, शास्त्रागार, ऑब्सटिकल एवं परेड ग्राउंड, एम.टी., आउटडोर ऑफिस एवं फायरिंग एवं ड्रायविंग के सिम्यूलेटर का भ्रमण कराकर बालक/बालिकाओं के द्वारा पूछे गये प्रश्नों का जबाब देकर संतुष्ट किया।

संस्था के निरीक्षक श्री आनन्द चौहान सीएलआई के द्वारा बच्चों को पीटीसी इन्दौर में नवआरक्षको को कराई जाने वाली बुनियादी ट्रेनिंग के क्लास रूम, लायब्रेरी, कांफ्रेंस हॉल, कम्प्यूटर लैब, एवं नालंदा भवन के प्रशासनिक भवन का भ्रमण कराकर बच्चों की जिज्ञासाओं को सरलता से समझा कर संतुष्ट किया। जीवोदय संस्था के सीएनसीपी बच्चों का तीन दिवसीय भ्रमण श्रीमती सौम्या जैन, अति. पुलिस अधीक्षक(प्रशिक्षण) एवं श्री राजीव त्रिपाठी उपपुलिस अधीक्षक, श्री अनिल वर्मा उपपुलिस अधीक्षक पीटीसी इन्दौर के निर्देशन में पूरा हुआ।

स्मृति आदित्य की किताब 'हथेलियों पर गुलाबी अक्षर' का विमोचन

उड़ते बादलों के टुकड़ों से पानी की बूंदें हथेली पर पा लेने जैसा अहसास है कविता

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

स्मृति आदित्य के
काव्य संग्रह
हथेलियों पर गुलाबी अक्षर
का
विमोचन
शुक्रवार, 12
वामा साहित्य मंच

इंदौर। पत्रकार और कवयित्री स्मृति आदित्य की पहली पुस्तक 'हथेलियों पर गुलाबी अक्षर' का विमोचन होटल अपना एवेन्यू में किया गया। वामा साहित्य मंच के बैनर तले आयोजित इस किताब को मप्र साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे ने लोकार्पित किया। चर्चाकार के रूप में साहित्यकार ज्योति जैन शामिल हुईं।

स्मृति ने कहा कि कविता मेरे लिए मन के प्रबलतम भावों को कागज पर रख देना ही मात्र नहीं है... मैं कविता को उड़ते बादलों के टुकड़ों से पानी की बूंदें हथेली पर पा लेने जैसा अहसास मानती हूं...गहरे अहसास से जुड़ी मेरी कविताएं पूरी होकर तृप्त अवस्था में बरसों रखी रहीं लेकिन कभी नहीं सोचा कि इन्हें पुस्तक के रूप में लाना है... आभासी पटल पर फाल्गुनी के नाम से खूब लिखा और यही मेरा मधुरतम सुख था कि उन्हें पढ़ा और स्वीकारा जा रहा है।

सृजनबिम्ब प्रकाशन से आई स्मृति की इस किताब पर चर्चा करते हुए ज्योति जैन ने कहा कि जब एक स्त्री प्रेम करती है तो प्रेम में डूबती है, वह नाचती भी है गाती भी है। उसकी कविताओं में कभी मोर नाचता है तो कभी झरना बहता है। कभी वह चांद सी ठंडक देती है तो कभी सूर्य सी ऊर्जा बन जाती है। कभी कुमकुम के सिंदूरी रंग में रंग जाती है तो कभी पारिजात बन समर्पण भाव से बिछ जाती है। कभी अपने सपनों के इंद्रधनुषी रंग रंगोली में बिखेर देती है। कभी चिड़िया सी चहचहाती है, तो कभी चंचल नदी सी उछलकर निर्बाध बहती है। कभी सपनों की आकाशगंगा में विचरती है, तो कभी प्यार का अथाह समुद्र तलाशती है। कभी अपनी पूरी जिंदगी डेस्क पर लगाती है, तो कभी सब कुछ गृहस्थी में उलीच देती है। मुख्य अतिथि डॉ. विकास दवे ने कहा कि स्मृति की कविताओं में मिलेजुले रंग हैं... भावनाएं हैं और रिश्ते को जी लेनी का अहसास है। खास बात कि पुस्तक त्रुटियों से मुक्त है। स्मृति की कविताओं के बिम्ब बेहद प्रभावी हैं। पंचतत्वों के सारे तत्वों का जिस तरह उन्होंने अपनी कविताओं में इस्तेमाल किया है वह बेहतरीन है। मां के प्रति उनके भाव और मां के उनके प्रति भाव जिस तरह से व्यक्त होते हैं उससे जाहिर होता है कि रिश्तों को लेकर भावनाओं की उनकी दृष्टि क्या है। उन्होंने कहा कि रिश्तों की इस बुनावट को स्मृति की कविताएं बखूबी रखती हैं। स्मृति के बिम्ब में स्नेह हर वृक्ष की छांव से जब तुलना पाता है तो वह हमारे बेहद करीब की बात कहता है। हथेलियों के गुलाबी अक्षर आपके और हमारे कहन से जुड़े हैं और यही उन्हें सफल बनाती है। इससे पूर्व वामा साहित्य मंच की अध्यक्ष इंदु पाराशर ने स्वागत उद्बोधन दिया। अतिथिद्वय सहित आर्टिस्ट सारंग क्षीरसागर का स्वागत मंजु मिश्रा, मंशा कनिक, प्रदीप कनिक, डॉ. भारती जोशी, प्रदीप व्यास,क्षितिज कनिक, डॉ. किसलय पंचोली ने किया. संचालन डॉ.अंजना चक्रपाणि मिश्र ने किया और सरस्वती वंदना संगीता परमार ने प्रस्तुत की। आभार आदित्य पांडे ने माना। इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

पैदल मोबाइल पर बात करने वालों को बनाते थे शिकार, 2 गिरफ्तार

इंदौर। चोरी की बाइक से मोबाइल लूट करने वाले शातिर बदमाशों को खजराना थाना पुलिस ने पकड़ा है। आरोपी मोबाइल पर बात करने वाले लोगों को अपना निशाना बनाते थे। आरोपियों के पास से 5 मोबाइल जब्त किए है। दोनों आरोपी आदतन अपराधी है।

खजराना क्षेत्र में पिछले दिनों मोबाइल लूट की घटनाओं में थाना खजराना पुलिस टीम द्वारा घटना में उपयोग की गई बाइक क्रमांक एमपी09 क्यूएच 2078 के बारे में जानकारी निकाली गई, जिससे पता चला कि बाइक थाना लसूडिया से 14 जनवरी 2024 को चोरी हुई थी। लसूडिया थाने में केस भी दर्ज है। मुखबिरों ने बताया कि रोबोट चौराहा तरफ संदिग्ध मनोज ओसवाल बाइक लेकर घूम रहा था। जिस आधार पर पुलिस ने जांच करते हुए संदिग्ध आरोपी मनोज ओसवाल उम्र 30 वर्ष निवासी संजीवनी नगर और असफाक अली उम्र 38 वर्ष निवासी इलियास कालोनी दोनों निवासी खजराना क्षेत्र को पकड़ा। आरोपियों के पास से बाइक और मोबाइल मिला।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है विक्रेता **अंजली गावड़े, संतोष गावड़े** क्रेता **रामेश्वर केशवलाल** पता **231 पेकीभाग सूर्यदेव नगर इंदौर**, पिन **2000086659** , विक्रय पत्र के अनुसार झोन क्र. 13। इस जाहिर सूचना प्रकाशन **14.04.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय
उपवन झोन क्र. 13 नगर
पालिका निगम, इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है विक्रेता **शिवानंद पिता श्रीधर प्रभु** क्रेता **रश्मी दीक्षित** पता **449 योजना क्रमांक 97 भाग 4 स्लाइस 4 इंदौर**, पिन **1001187752** , विक्रय पत्र के अनुसार झोन क्र. 13। इस जाहिर सूचना प्रकाशन **14.04.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय
उपवन झोन क्र. 13 नगर
पालिका निगम, इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है विक्रेता **नरेंद्र सिंह बग्गा** क्रेता **राजेंद्र सिंह बग्गा** पता **36 मंगल नगर पिपलियाराव इंदौर**, पिन **1001140275** , विक्रय पत्र के अनुसार झोन क्र. 13। इस जाहिर सूचना प्रकाशन **14.04.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय
उपवन झोन क्र. 13 नगर
पालिका निगम, इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है विक्रेता **रतन सिंह नागर, फूल सिंह नागर** क्रेता **राकेश मदन मोहन यादव, ममता राकेश कुमार यादव** पता **48 एमए सूरज वि हार इंदौर**, पिन **1001139483** , विक्रय पत्र के अनुसार झोन क्र. 13। इस जाहिर सूचना प्रकाशन **14.04.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय
उपवन झोन क्र. 13 नगर
पालिका निगम, इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है विक्रेता **शंकरलाल सिताराम, राधेश्याम सीताराम,शांतिबाई सिताराम** क्रेता **कमल कुमार पटेल, सूरज पटेल** पता **211/1/4 तेजपुर गढ़बडी इंदौर**, पिन **1004470811** , विक्रय पत्र के अनुसार झोन क्र. 13। इस जाहिर सूचना प्रकाशन **14.04.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय
उपवन झोन क्र. 13 नगर
पालिका निगम, इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भवन स्वामी द्वारा संपत्ति कर में नामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया गया है विक्रेता **वरजिंदर सिंह छाबडा** क्रेता **मंजुला शंकरलाल पाटीदार** पता **77 पीस पॉइंट फेस 3 इंदौर** , पिन **1003111254** , विक्रय पत्र के अनुसार झोन क्र. 13। इस जाहिर सूचना प्रकाशन **14.04.2024** से 07 सात दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी वित्त संस्था, बैंक, निकाय व्यक्ति को आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 13 के सहायक राजस्व अधिकारी के संमुख उपस्थित होकर मय दस्तावेज के अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय
उपवन झोन क्र. 13 नगर
पालिका निगम, इंदौर

जाहिर सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री महेंद्र विश्वकर्मा पिता श्री शिवचरण विश्वकर्मा** द्वारा झोन क्रमांक 17 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री/वसीयतनामा/ वारिसनाते प्रस्तुत कर नवीन खाता पता **02 सुखलिया इंदौर** पर नवीन खाता हेतु नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक **14.04.2024** से 7 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण में आपत्ति हो तो झोन क्रं. 17 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी,
झोन क्रमांक 17 नगर
पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री राजेश मेडतवाल पिता शंकरलाल मेडतवाल** द्वारा झोन क्रमांक 17 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री/वसीयतनामा/ वारिसनाते प्रस्तुत कर नवीन खाता पता **19 न्यू गौरी नगर इंदौर** पर नवीन खाता हेतु नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक **14.04.2024** से 7 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण में आपत्ति हो तो झोन क्रं. 17 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी,
झोन क्रमांक 17 नगर
पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमति संतोष बाई लोधी पति श्री परसराम लोधी** द्वारा झोन क्रमांक 17 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री/वसीयतनामा/ वारिसनाते प्रस्तुत कर नवीन खाता पता **मोतीनगर गौरी नगर के पास इंदौर** पर नवीन खाता हेतु नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक **14.04.2024** से 7 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण में आपत्ति हो तो झोन क्रं. 17 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी,
झोन क्रमांक 17 नगर
पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री घनश्याम पिता श्री जमनालाल कौशल** द्वारा झोन क्रमांक 17 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री/वसीयतनामा/ वारिसनाते प्रस्तुत कर नवीन खाता पता **खसरा न. 268 रकवा सुखलिया इंदौर** पर नवीन खाता हेतु नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक **14.04.2024** से 7 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण में आपत्ति हो तो झोन क्रं. 17 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी,
झोन क्रमांक 17 नगर
पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री घनश्याम पिता श्री जमनालाल** द्वारा झोन क्रमांक 17 राजस्व विभाग पर आवेदन के साथ रजिस्ट्री/वसीयतनामा/ वारिसनाते प्रस्तुत कर नवीन खाता पता **खसरा न. 272 रकवा 0.065 सुखलिया इंदौर** पर नवीन खाता हेतु नामांतरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना के प्रकाशन दिनांक **14.04.2024** से 7 दिवस की समयावधि के अंतर्गत किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामांतरण में आपत्ति हो तो झोन क्रं. 17 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी,
झोन क्रमांक 17 नगर
पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री धमेंद्र राठौर पिता श्री ताराचंद राठौर** के द्वारा **झोन 14** राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर **पता 220 ई डब्ल्यू एस न्यू स्टार सिटी इंदौर** संपत्ति का नामान्तरण चाहा गया है। पिन नं. **1001189068 पैकी।** यह जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि तय किया है। व्यक्ति बैंक, संस्था अन्य को उक्त संपत्ति पर आपत्ति हो तो झोन-14 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात बिना प्रमाण पत्र आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी,
झोन क्रमांक 14
नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमति उर्वशी पटेल पति श्री शंशाक पटेल** के द्वारा **झोन 14** राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर **पता 179 सिल्वर स्टार सिटी मून लाईट निहालपुर मुण्डी इंदौर** संपत्ति का नामान्तरण चाहा गया है। पिन नं. **1004423511 पैकी।** यह जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि तय किया है। व्यक्ति बैंक, संस्था अन्य को उक्त संपत्ति पर आपत्ति हो तो झोन-14 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात बिना प्रमाण पत्र आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी,
झोन क्रमांक 14
नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमति अंजली राठौर पिता श्री अशोक राठौर (पति श्री अमित विश्वकर्मा)** के द्वारा **झोन 14** राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर **पता 683 सिल्वर स्टार सिटी एक्सटेंशन - 01 इंदौर** संपत्ति का नामान्तरण चाहा गया है। पिन नं. **1002963115 पैकी।** यह जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि तय किया है। व्यक्ति बैंक, संस्था अन्य को उक्त संपत्ति पर आपत्ति हो तो झोन-14 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात बिना प्रमाण पत्र आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी,
झोन क्रमांक 14
नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्री सुमन पोददर पिता हराधन पोददर, श्रीमति सुर्पणा पति सुमन पोददर** के द्वारा **झोन 14** राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर **पता भू.क्र. 09 सिल्वर स्टार सिटी मून लाईट निहालपुर मुण्डी इंदौर** संपत्ति का नामान्तरण चाहा गया है। पिन नं. **1004423511** का भाग। यह जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि तय किया है। व्यक्ति बैंक, संस्था अन्य को उक्त संपत्ति पर आपत्ति हो तो झोन-14 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात बिना प्रमाण पत्र आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी,
झोन क्रमांक 14
नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **संचय भावे पिता बसंत भावे** के द्वारा **झोन 14** राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर **पता भू.क्र. 48 सिल्वर स्टार सिटी मून लाईट निहालपुर मुण्डी इंदौर** संपत्ति का नामान्तरण चाहा गया है। पिन नं. **1004423511** का भाग। यह जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि तय किया है। व्यक्ति बैंक, संस्था अन्य को उक्त संपत्ति पर आपत्ति हो तो झोन-14 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात बिना प्रमाण पत्र आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी,
झोन क्रमांक 14
नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **यशवंत तुकाराम पाटिल पिता तुकाराम पाटिल, श्रीमति दिपाली यशवंत पाटिल पति यशवंत तुकाराम पाटिल** के द्वारा **झोन 14** राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर **पता भू.क्र. 82 सिल्वर स्टार सिटी मून लाईट निहालपुर मुण्डी इंदौर** संपत्ति का नामान्तरण चाहा गया है। पिन नं. **1004423511** का भाग। यह जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि तय किया है। व्यक्ति बैंक, संस्था अन्य को उक्त संपत्ति पर आपत्ति हो तो झोन-14 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात बिना प्रमाण पत्र आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी,
झोन क्रमांक 14
नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **फ़िरोज अली सायकलवाला पिता अख्तर अली सायकलवाला** के द्वारा **झोन 14** राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर **पता भू.क्र. 72 सिल्वर स्टार सिटी मून लाईट निहालपुर मुण्डी इंदौर** संपत्ति का नामान्तरण चाहा गया है। पिन नं. **1004423511** का भाग। यह जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि तय किया है। व्यक्ति बैंक, संस्था अन्य को उक्त संपत्ति पर आपत्ति हो तो झोन-14 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात बिना प्रमाण पत्र आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी,
झोन क्रमांक 14
नगर पालिका निगम इंदौर

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमति कविता करमचंदानी पति मोतीलाल करमचंदानी** के द्वारा **झोन 14** राजस्व विभाग पर आवेदन प्रस्तुत कर **पता भू. क्र. 754 सिल्वर स्टार सिटी एक्सटेंशन - 01 इंदौर** संपत्ति का नामान्तरण चाहा गया है। पिन नं. **1002963115** का भाग। यह जाहिर सूचना प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि तय किया है। व्यक्ति बैंक, संस्था अन्य को उक्त संपत्ति पर आपत्ति हो तो झोन-14 राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात बिना प्रमाण पत्र आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक राजस्व अधिकारी,
झोन क्रमांक 14
नगर पालिका निगम इंदौर

मृदुभाषी
सच्ची खबरें, सलीके के साथ
इंदौर | भोपाल से एक साथ प्रकाशित
facebook.com/mradubhashi twitter.com/mradhubhashi www.mradubhashi.com इंदौर, रविवार, 14 अप्रैल 2024 नगर संस्करण, वर्ष: 04, अंक: 232, पृष्ठ : 08, मूल्य: 5.00 रुपए

कलेक्टर कार्यालय में आयोजित नशा मुक्ति अभियान की बैठक में सामाजिक कार्यकर्ता ने बताई शहर की हकीकत

इंदौर की गली-गली में बिक रहा नशा, यहीं बुलवा सकता हूं ड्रग्स

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

इंदौर। कलेक्टर साहब आप नशा मुक्ति अभियान पर मीटिंग आयोजित कर रहे हैं। मैं इसी जगह 15 मिनट में ड्रग्स बुलवा सकता हूं। इंदौर की गली गली में नशा बिक रहा है। आठ हजार से अधिक लोग नशे के एडिक्ट हैं और यह ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है।

यह बात कलेक्टर कार्यालय में आयोजित नशा मुक्ति अभियान की बैठक में सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. इशाक खान ने कही। शहर के अन्य नागरिकों ने भी अधिकारियों को बताया कि ड्रग्स खरीदना बहुत सामान्य बात है। इंदौर में कहीं भी यह आसानी से उपलब्ध हो जाता है। डॉ. इशाक खान ने कहा कि मैं नशा मुक्ति अभियान के लिए ही काम करता हूं और शहर के कई ड्रग्स एडिक्ट को इससे बाहर लाने में मदद कर रहा हूं। कई युवा ड्रग्स के इतने आदि हो चुके हैं कि उन्हें आप कहीं भी ड्रग्स लाने ले जाने के लिए बोलो वो तुरंत यह काम कर देते हैं। बस एक पुड़िया के पैसे उन्हें दे दो बाकी आप जितनी कहो वो उतनी पुड़िया लाकर दे देंगे। हैप्पीनेस कोच उज्जवल स्वामी ने कहा कि पैरेंट्स की जिम्मेदारी है कि वह बच्चों पर पूरी तरह से ध्यान दें। आज समाज में हर जगह नशा किसी न किसी रूप में मिल रहा है। यदि आपने थोड़ी भी लापरवाही की तो आपके बच्चे नशे के आदी हो सकते हैं।

इंदौर में चलेगा नशा मुक्ति का विशेष अभियान

बैठक में यह भी तय हुआ कि इंदौर जिले में नागरिकों विशेषकर युवाओं को नशे की लत से छुटकारा दिलाने के लिए नशा मुक्ति का विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत जन जागृति पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा। नशे से मुक्ति दिलाने के लिए अन्य विशेष प्रयास भी अभियान के तहत किए जाएंगे। यह अभियान जिला प्रशासन, पुलिस और स्वयंसेवी संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से चलाया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, सामाजिक न्याय विभाग की संयुक्त संचालक सुचिता बेक तिर्की सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी और नशा मुक्ति से जुड़ी हुई स्वयंसेवी संस्थाओं/संगठनों के पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर आशीष सिंह ने कहा कि संयुक्त प्रयासों से नशा मुक्ति के इस अभियान को परिणाम मूलक बनाया जाएगा। नशा मुक्ति की यह लड़ाई लंबी जरूर है परंतु इसमें सफलता जरूर प्राप्त की जाएगी। उन्होंने कहा कि अभियान के अंतर्गत स्कूल एवं कॉलेज में जागरूकता की गतिविधियां लगातार आयोजित की जाएगी। विद्यार्थियों को जागरूक बनाने के लिए एक स्थाई जागरूकता केंद्र भी बनाया जाएगा। अभियान में जागरूकता के अलावा मॉनिटरिंग, इंप्लीमेंट एवं एनफोर्समेंट पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा। बैठक में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अमित सिंह ने कहा कि ड्रग बेचने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए सूचना तंत्र को मजबूत बनाया जा रहा है। अभियान के माध्यम से हमारा प्रयास होगा कि ड्रग की डिमांड को कम किया जाए। ड्रग के उपयोग को हतोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएंगे। अभियान में नशे के आदी लोगों की पहचान कर उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने के प्रयास होंगे।

सरकार ही करवा रही नशे की शुरुआत

शहर की प्रमुख सामाजिक संस्थाओं ने सरकार और प्रशासन में हो रही लापरवाही पर भी सच दिखाया। कलेक्टर आशीष सिंह की मौजूदगी में आयोजित इस बैठक में तमाम अधिकारियों ने माना कि कहीं चूक हो रही है और हम सभी को मिलकर इस पर काम करना होगा। शहरवासियों ने यह भी कहा कि सरकार गली गली में शराब की दुकान खोल रही है। बच्चा सबसे पहले सिगरेट और फिर शराब का सेवन करता है। जब वह नशे का आदी हो जाता है और उसके पास पैसे नहीं बचते तो वह सस्ते नशे की तरफ जाता है। सरकार को नशे से गर्त में समा रही युवा पीढ़ी के भविष्य के बारे में भी सोचना चाहिए।

विश्वविद्यालय के विभाग अध्यक्षों की निर्वाचन कार्य में ड्यूटी

यूटीडी में आगे बढ़ सकती है परीक्षा

यूटीडी से संचालित पाठ्यक्रम में अप्रैल में होनी है दूसरे और चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

इंदौर। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के अध्ययनशालाओं की कमान संभालने वाले ज्यादातर विभाग अध्यक्षों की निर्वाचन कार्य में ड्यूटी लगाई गई है। अप्रैल के तीसरे सप्ताह में इन्हें ट्रेनिंग पर जाना पड़ सकता है। ऐसे में यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट (यूटीडी) से संचालित पाठ्यक्रम की परीक्षाएं प्रभावित हुई हैं, जिसमें अप्रैल में होने वाली दूसरे और चौथे सेमेस्टर की परीक्षाएं शामिल हैं।

अब चौथे सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को लेकर विभाग अध्यक्षों की ज्यादा चिंतित है, क्योंकि इनके प्लेसमेंट हो चुके है। संभवतः मई-जून के बीच विद्यार्थियों को जॉब ज्वाइन करना है। उससे पहले परीक्षा करवाकर रिजल्ट देना है। हालांकि परीक्षाओं के संबंध में निर्णय लेना बाकी है। अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा अब विभाग अध्यक्षों की ड्यूटी के संबंध में भी आदेश आ चुके हैं। अध्ययनशाला के विभाग अध्यक्षों-प्राध्यापक व सहायक प्राध्यापक को अलग-अलग निर्वाचन कार्य की जिम्मेदारी सौंपी है। अधिकांश लोगों की ड्यूटी चौराहों पर वाहनों की चेकिंग में लगाई गई है।

आईएमएस-आईआईपीएस, ईएमआरसी, पत्रकारिता समेत ज्यादातर विभाग अध्यक्षों को अगले कुछ दिन में ट्रेनिंग लेनी है। इस वजह से विभाग से जुड़े कार्य प्रभावित होने लगे हैं। नियमानुसार अप्रैल-मई के बीच विभागों में परीक्षा करवाई जाती है। मूल्यांकन कार्य भी पंद्रह दिनों में पूरा कर विभाग अपने स्तर पर विद्यार्थियों का रिजल्ट घोषित करते है, जिसमें प्राथमिकता स्नातक व स्नातकोत्तर अंतिम सेमेस्टर वाले छात्र-छात्राओं को लेकर रहती है।

चुनाव ड्यूटी के दौरान परीक्षा कराना मुश्किल

लोकसभा चुनाव के अंतर्गत इंदौर जिले में 13 मई को मतदान है। तब तक विभाग अध्यक्षों को ड्यूटी करनी होगी। इस दौरान परीक्षा करवाना थोड़ा मुश्किल होगा, क्योंकि शिक्षक भी निर्वाचन कार्यों की जिम्मेदारी संभाले हुए हैं। सोमवार को कुलपति डा. रेणु जैन और विभाग अध्यक्षों के बीच परीक्षा से जुड़े मुद्दे पर चर्चा हो सकती है।

शहर एवं जिला के मोर्चा संगठनों के अध्यक्ष एवं प्रकोष्ठ के अध्यक्षों की आवश्यक बैठक में सौंपी जिम्मेदारी

कांग्रेस प्रत्याशी बम आज से शुरू करेंगे जनसंपर्क

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

इंदौर। लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा की तरह अब कांग्रेस भी घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करेगी। कांग्रेस की शहर एवं जिला के मोर्चा संगठनों के अध्यक्ष एवं प्रकोष्ठ के अध्यक्षों की आवश्यक बैठक कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन में आयोजित हुई थी। जिसमें सभी अध्यक्षों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बैठक में शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा ने कहा कि 14 तारीख बाबा साहब अम्बेड़कर जयंती से लोकसभा प्रत्याशी अक्षय बम विधानसभा एक से जनसंपर्क करना शुरू करेंगे। 16 तारीख को श्रम शिविर में लोकसभा चुनाव हेतु कांग्रेस का मुख्य चुनाव कार्यालय का उद्घाटन होगा। बैठक में लोकसभा कांग्रेस के प्रत्याशी अक्षय बम, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष सदाशिव यादव, मध्यप्रदेश विधि कांग्रेस के अध्यक्ष जय हार्डिया और पूर्व शहर अध्यक्ष प्रमोद टंडन उपस्थित थे।

विंग को सौंपे अलग-अलग काम

-युवा कांग्रेस को प्रमुख बाजार एवं चौराहे पर युवाओं से संपर्क करने की जिम्मेदारी।
-महिला कांग्रेस को घर-घर जाकर महिलाओं से संपर्क करने की जिम्मेदारी।
-सेवादल को हाट बाजार एवं बस्तियों में संपर्क करने की जिम्मेदारी।
-एनएसयूआई को छात्रों के कैंपस में जाकर छात्रों से संपर्क करने की जिम्मेदारी।
-इंटक को मजदूरों के पास जाकर संपर्क करने की जिम्मेदारी।
-सद्भावना प्रकोष्ठ को सभी धर्म समाज के लोगों से मिलकर संपर्क करने की जिम्मेदारी।
-व्यापारी प्रकोष्ठ को व्यापार बाजार मार्केट में जाकर जनसंपर्क करने की जिम्मेदारी।
-कौमी एकता प्रकोष्ठ को सभी धर्म समाज की बैठक आयोजित करने की जिम्मेदारी।
-आई टी सेल को सोशल मीडिया के माध्यम से कांग्रेस की जन नीतियों को जनता तक पहुंचाने।
-चिकित्सा प्रकोष्ठ को सभी प्राइवेट एवं सरकारी अस्पताल के डॉक्टर से संपर्क करने की जिम्मेदारी।
-सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ को अनुसूचित जाति वर्ग में जाकर संपर्क करने की जिम्मेदारी।
-पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ को पिछड़ा वर्ग से संपर्क करने की जिम्मेदारी।
-बेरोजगार प्रकोष्ठ को मोदी जी के झूठे रोजगार देने के वादे से युवाओं को अवगत कराने की जिम्मेदारी।
-परिवहन प्रकोष्ठ को सभी वाहन चालकों से संपर्क कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील करने की जवाबदारी कांग्रेस संगठन ने सौंपी है।

रामनवमी पर पंचकुइया स्थित श्रीराम मंदिर से निकलेगी राम रथ यात्रा, अश्व ध्वज वाहक और सैकड़ों युवा भगवा ध्वज लेकर चलेंगे

रामलला की 501 साल पुरानी मूर्ति निकलेगी भक्तों को दर्शन देने

इंदौर। राम नवमी पर पंचकुइया स्थित श्रीराम मंदिर आश्रम से निकलने वाली परंपरागत श्रीराम रथ यात्रा का प्रथम निमंत्रण खजराना गणेश को अर्पित किया। आमंत्रण पंचकुइया पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर रामगोपाल दास महाराज ने साधु-संतों की उपस्थिति में पूजन-अर्चन कर अर्पित किया। यात्रा में 501 साल पुरानी रामलला की मूर्ति भक्तों को दर्शन देने के लिए नगर भ्रमण करेगी। रामनवमी पर 17 अप्रैल को संतों की तपोस्थली पंचकुइया स्थित श्रीराम मंदिर आश्रम से श्रीराम रथ यात्रा निकलेगी। इसमें अयोध्या के राम मंदिर की प्रतिकृति और हनुमानजी की झांकियों के साथ रथ पर मंदिर के 501 वर्ष प्राचीन भगवान रामलला सवार होकर भक्तों को दर्शन देने और उनके हालचाल जानने निकलेंगे। इसमें हजारों भक्तों के साथ ही मथुरा, वृन्दावन, अयोध्या,चित्रकूट के साथ इंदौर के साधु-संत समाज भी सम्मिलित होंगे।

शाम चार बजे निकलेगी यात्रा

यात्रा रामनवमी पर शाम 4 बजे निकलेगी। यात्रा में अश्व ध्वज वाहक और सैकड़ों युवा भगवा ध्वज लेकर चलेंगे। यात्रा में आगे-आगे घोड़े, बग्घी, बैंडबाजे, हाथी भी रहेंगे। यह यात्रा साकेतवासी महामंडलेश्वर लक्ष्मणदास महाराज की प्रेरणा से निकली जा रही है। खजराना गणेश को निमंत्रण देने के मौके पर विधायक रमेश मेंदोला, जानकी वल्लभ दास महाराज, सीताराम दास महाराज, बलराम बाबा, नारायण अग्रवाल, हरिनारायण गोयल, अशोक विदासरिया, धीरज शुक्ला, मनोज शर्मा सहित अन्य भक्तगण मौजूद थे।

संजय सोलंकी इंदौर से लड़ेंगे चुनाव, बसपा ने जारी की दूसरी सूची

इंदौर। बहुजन समाजवादी पार्टी (बीएसपी) ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए अपनी दूसरी सूची जारी कर दी है। इस सूची में दो लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित किए गए हैं। इनमें दोनों ही सीटें मध्य प्रदेश की हैं। बीएसपी द्वारा इस सूची में इंदौर और बैतूल से प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। बसपा ने लोकसभा चुनाव के लिए मध्य प्रदेश की 29 में 25 पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। मध्य प्रदेश से अब भिंड, मुरैना, ग्वालियर और गुना सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा होना शेष है। बसपा ने इंदौर लोकसभा से संजय सोलंकी को मैदान में उतारा है। संजय सोलंकी बहुजन समाज पार्टी के इंदौर संभाग के प्रभारी है। सनावद के रहने वाले हैं। उन्होंने बीए किया है और प्रापर्टी व्यवसायी है। सनावद में एमपी आनलाइन का सीएससी सेंटर भी संचालित करते हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक खंडवा क्षेत्र में चुनावी तैयारियों में लगे थे। अब पार्टी का आदेश इंदौर आकर चुनाव लड़ने की तैयारी शुरू करेंगे। वहीं बैतूल से अर्जुन भलावी को टिकट दिया है।

तैयारी

मशाल यात्रा और कार रैली निकलेगी, अधिक से अधिक मतदान को लेकर शहर के रहवासी संगठनों की बैठक

इंदौर को मतदान में नंबर वन बनाने की तैयारी

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

इंदौर। स्मार्ट सिटी सीईओ एवं स्वीप प्लान के नोडल अधिकारी दिव्यांक सिंह ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत इंदौर शहर में अधिक से अधिक मतदान को लेकर शहर के रहवासी संगठनों की बैठक ली।

इस अवसर पर स्वीप प्लान के नोडल अधिकारी दिव्यांक सिंह द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में अधिक से अधिक मतदान के लिए संगठन के पदाधिकारियों को मतदान की शपथ दिलाई गई। स्मार्ट सिटी सीईओ एवं स्वीप प्लान के नोडल अधिकारी दिव्यांक सिंह द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में इंदौर शहर में मतदान का प्रतिशत अधिक से अधिक बढ़ाने के उद्देश्य से रहवासी संगठन के पदाधिकारियों के साथ चर्चा कर प्रतिनिधियों से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सुझाव भी लिए गए। स्वीप प्लान के नोडल अधिकारी सिंह ने कहा कि जिस प्रकार से स्वच्छता अभियान में नागरिकों का अधिक से अधिक सहयोग रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप इंदौर स्वच्छता में नंबर वन शहर है, उसी प्रकार आगामी 13 मई को मतदान दिवस के अवसर पर स्वीप अभियान के माध्यम से विभिन्न जागरूकता अभियान चलाकर इंदौर शहर के मतदाता मतदान को त्योहार की तरह मानकर, अधिक से अधिक मतदान करे। इंदौर को मतदान प्रतिशत में भी नंबर वन बनाए। इसके संबंध में विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों से चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि इंदौर शहर के जागरूक नागरिक सहयोगी है और मतदान को लेकर भी जागरूक है।

लोकसभा निर्वाचन 2024 में इंदौर शहर में अधिक से अधिक मतदान को दृष्टिगत रखते हुए आगामी दिनों में शहर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मतदाताओं को प्रेरित किया जाएगा। इस पर भी चर्चा करते हुए संगठन द्वारा मतदान की अपील के क्रम में हस्ताक्षर अभियान चलाने के भी सुझाव प्राप्त हुए।

11 मई तक जागरूकता अभियान

इंदौर शहर में स्वच्छता के महा अभियान में जिस प्रकार से नागरिकों के सहयोग से इंदौर स्वच्छता में नंबर वन शहर है, उसी प्रकार से आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में इंदौर शहर में अधिक से अधिक मतदान को दृष्टिगत रखते हुए, 1 अप्रैल से 11 मई तक मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कार्यशाला, मशाल यात्रा, फ्लैश मॉब, रहवासी संघ के साथ बैठक, कार रैली, एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज के साथ बैठक, महिला संगठन के साथ बैठक, ओपन एयर वोटिंग कैनवास, फ्लैश मॉब, मार्केट एसोसिएशन के साथ बैठक, महासंघ एनजीओ द्वारा मानव श्रृंखला, साइक्लोथॉन, होटल/इटर्स/कैफे/ मॉल प्रतिनिधियों के साथ बैठक, चलो मम्मा वॉकेथॉन, फ्लेश मोब, स्कूल / कॉलेज प्रतिनिधियों के साथ बैठक, वोटिंग म्यूजिकल इव का आयोजन शहर के प्रमुख स्थानों पर फ्लैश मॉब, सिग्नेचर कैम्पेन के माध्यम से नागरिकों की सहभागिता कर अधिक से अधिक मतदान की मतदाता से अपील की जाएगी।

खटाखट कैसे मिटेगी गरीबी



कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने 'गरीबी मिटाओ' का एक फॉर्मूला दिया है। उनके मुताबिक, यदि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनी, तो प्रत्येक गरीब परिवार की एक महिला के बैंक खाते में एक लाख रुपए सालाना जमा कराए जाएंगे। वह गरीब परिवार किसान, मजदूर या किसी का भी हो सकता है, उस परिवार की महिला को 8500 रुपए प्रति माह दिए जाएंगे। यह आर्थिक मदद तब तक जारी रहेगी, जब तक वह परिवार गरीबी-रेखा से बाहर नहीं आ जाता। क्या कांग्रेस ने ऐसी योजना के अर्थशास्त्र का अध्ययन किया है? सबसे अहम सवाल तो गरीबों की संख्या का है। दरअसल ऐसे गरीबों की देश में कितनी संख्या है, यह न तो कांग्रेस को पता है और न ही सरकार यह डाटा साझा करना चाहती है। गरीबी-रेखा की परिभाषा तक निश्चित नहीं है। देश में गरीबी की स्थिति क्या है, उसे लेकर भी विरोधाभास हैं। राहुल गांधी ने एक बार फिर आर्थिक असमानता के यथार्थ को दोहराया है। देश के 22 सबसे अमीर भारतीयों के पास इतना धन है, जितना 70 करोड़ लोगों के पास है। राहुल गांधी के अनुसार, मोदी सरकार ने अरबपतियों के 16 लाख करोड़ रुपए माफ किए हैं। यह देश के महज 25-30 धन्नासेठों की इतनी राशि है, जितनी 24 साल तक मनरेगा के जरिए मजदूरों को दी सकती थी। राहुल यह चुनाव देश के गरीबों और 22-25 अरबपतियों के बीच की लड़ाई मानते हैं। यह वामपंथी सोच का विश्लेषण है।

> यह देश के महज 25-30 धन्नासेठों की इतनी राशि है, जितनी 24 साल तक मनरेगा के जरिए मजदूरों को दी सकती थी। राहुल यह चुनाव देश के गरीबों और 22-25 अरबपतियों के बीच की लड़ाई मानते हैं। यह वामपंथी सोच का विश्लेषण है।

यदि अरबपतियों के पास बेइंतहा आर्थिक संसाधन हैं, तो उनकी कंपनियां लाखों लोगों को रोजगार भी देती हैं और करोड़ों रुपए के कर भी अदा करती हैं। बहरहाल राहुल गांधी का दावा है कि कांग्रेस देश से खटाखट गरीबी को मिटा देना चाहती है। हमारी जो गारंटी है, उसके जरिए हम एक ही झटके में गरीबी समाप्त कर देना चाहते हैं। राहुल गांधी की दादी एवं तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भी 1971 में गरीबी हटाओ का नारा दिया था और प्रचंड बहुमत के साथ चुनाव जीता था। उसके बाद की कांग्रेस सरकारों में भी गरीबी एक बुनियादी एजेंडा रहा, लेकिन एक समय आया था, जब योजना आयोग (अब नीति आयोग) भी मानता था कि करीब 30 करोड़ भारतीय गरीबी-रेखा के नीचे जीने को अभिशप्त हैं। समितियां बनाई गईं, फॉर्मूले तय किए गए, लेकिन सही डाटा देश के सामने पेश नहीं किया जा सका। चूंकि अब प्रधानमंत्री मोदी सार्वजनिक मंचों पर बार-बार दोहरा रहे हैं कि उनकी सरकार ने 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। यानी प्रधानमंत्री भी स्वीकार करते हैं कि देश में 25 करोड़ गरीब रहे हैं, जिन्हें उस रेखा से उबारा गया है। प्रधानमंत्री मोदी का यह बयान ही देश के सामने है, अलबत्ता कोई बिंदुवार और क्षेत्रवार आंकड़े देश के सामने नहीं रखे गए हैं। इसी दौर में आरएसएस के सरकार्यवाह (महासचिव) दत्तात्रेय होसबले ने एक आर्थिक आकलन सार्वजनिक किया था। उसके मुताबिक, देश में 23 करोड़ से अधिक भारतीय ऐसे हैं, जो 375 रुपए रोजाना की कमाई करने में भी असमर्थ हैं। वे भी गरीबी-रेखा के नीचे की आबादी हैं। सवाल है कि देश में कितने लोग गरीब हैं, जिन्हें आर्थिक मदद देकर उबारने की जरूरत है? प्रधानमंत्री मोदी देश में 81 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज बांट रहे हैं। जिन्हें हर माह 5 किलो अनाज की दरकार है और अभी यह योजना 5 और साल चलेगी, तो ऐसे लोग गरीब नहीं हैं, तो उन्हें किस वर्ग में रखा जाएगा? मुफ्तखोरी की कई योजनाएं हैं और नकदी भी बांटी जा रही है। ऐसा लगता है मानो 90 फीसदी भारत गरीब है। सिर्फ धन्नासेठ और उनके सम्पन्न सलाहकार ही अमीर हैं। मोदी को ही सरकार के संबद्ध विभाग को आदेश देने चाहिए कि वह गरीबी की परिभाषा स्पष्ट करे, यह अहम मानवीय सरोकार है।

विपक्षी गठबंधन और कांग्रेस की प्रासंगिकता

कुलदीप चंद अग्निहोत्री
वरिष्ठ स्तंभकार

भारतीय जनता पार्टी को हराने के लिए विपक्षी पार्टियों में जो सर्वाधिक व्याकुल प्राणी थे, उनमें से चार शिखर पर थे। नीतीश कुमार, ममता बनर्जी, सोनिया गांधी और कम्युनिस्ट। प्रश्न पूछा जा सकता है कि मैंने अन्य दलों का नाम न लिख कर, उन दलों के प्रमुख व्यक्ति का नाम लिखा है, लेकिन कम्युनिस्टों के मामले में व्यक्ति का नाम न लिख कर केवल कम्युनिस्ट शब्द का प्रयोग क्यों किया है। उसका कारण है। हमारे भारत में कम्युनिस्ट सदा किसी शरीर की तलाश में रहते हैं। जब कम्युनिस्ट अपने शरीर में प्रकट होते हैं तो भारत के लोग उन्हें तुरंत पहचान लेते हैं और नकार देते हैं। इसलिए वे निरंतर किसी दूसरे शरीर, जिंदा या मुर्दा, की तलाश में रहते हैं और अपनी सुविधानुसार उसे पा भी लेते हैं। उनकी ऐसी पृष्ठभूमि में उनके किसी शीर्ष पुरुष का नाम पहचान पाना या तलाश करना बहुत मुश्किल है। उनके शीर्ष पुरुष आपस में इतने मिलेजुले हैं कि किसी को पहचान पाना ही मुश्किल है। इसलिए मैंने किसी व्यक्ति विशेष का नाम न लिख कर नंगा चिट्टा कम्युनिस्ट शब्द का प्रयोग ही किया है। अब आगे बढ़ा जाए। लेकिन हमारे आगे बढ़ने से पहले ही नीतीश कुमार इंडी मोहल्ला छोड़ कर वापस अपने घर लौट गए हैं। ममता बनर्जी हैं अभी भी इंडी मोहल्ला में ही, लेकिन उस मोहल्ला के बाकी लोगों से उन्होंने बोलचाल बंद कर दी है।

उनकी पार्टी ने पश्चिम बंगाल की सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी खड़े कर दिए हैं। लेकिन वैसे वे बराबर कह रही हैं कि वे इंडी के साथ मजबूती से खड़ी हैं और बंगाल को छोड़ कर बाकी सभी जगह उसका समर्थन कर रही हैं। लेकिन सोनिया गांधी इतना तो जानती हैं कि उनकी पार्टी को यदि ममता बनर्जी की जरूरत थी तो केवल बंगाल में थी। शेष भारत में, सोनिया गांधी तो क्या, ममता बनर्जी खुद भी जानती हैं कि उनकी हैसियत ही नहीं है। एक दूसरी पार्टी है जो इंडी गठबंधन में सर्वत्र विद्यमान है, लेकिन दिखाई नहीं देती। यह पार्टी अब भारत में अशरीरी हो गई है। उसका नाम मुस्लिम लीग है। यह कांग्रेस के पैदा होने के कुछ साल बाद 1905 में पैदा हुई थी। कहा जाता है कि अंग्रेजों ने इस पार्टी को पैदा करने के लिए ही बंगाल का विभाजन किया था। मुस्लिम लीग को पैदा करने के बाद बंगाल विभाजन को भी खत्म कर दिया था। 1916 में कांग्रेस और मुस्लिम लीग ने अंग्रेजों से भारत के मुसलमानों के लिए अलग निर्वाचन मंडल की मांग की थी। बाद में संबंध बनते बिगड़ते गए, लेकिन कांग्रेस ने 1947 में अपनी कार्यसमिति की अंतिम बैठक में मुस्लिम लीग की भारत विभाजन की मांग का समर्थन करने के लिए भारत विभाजन का प्रस्ताव पारित किया था। भारत विभाजन के बाद जब बचे-खुचे भारत में मुस्लिम लीग के लिए रहना मुश्किल हो गया, तो उसने अपनी शक्ल में प्लास्टिक सर्जरी करवा कर रूप बदल लिया था। उससे चेहरा तो बदल गया था, लेकिन भारत के लोग उनकी आवाज अच्छी तरह पहचानते ही हैं।

इसलिए वे बराबर चिल्ला रहे हैं। यह बदल रहे चेहरे से घूम रही वही मुस्लिम लीग है जिसने भारत का विभाजन करवाया था। लेकिन सोनिया जी का कहना है कि यह पुराने वाली मुस्लिम लीग नहीं है। यह नई ताजा मुस्लिम लीग है जिसका पुरानी मुस्लिम लीग से कोई ताल्लुक नहीं है। पता चला है कि कुछ पुराने कांग्रेसियों ने कान में बताया भी कि मैडम, आपको पुरानी वाली का पता नहीं है, क्योंकि आपकी पृष्ठभूमि इटली की है। यह मुस्लिम लीग शत प्रतिशत पुराने वाली मुस्लिम लीग ही है। लेकिन सोनिया गांधी नहीं मानी। वह उसी को सच मानती हैं जो राहुल-प्रियंका-राबर्ट वाड्रा बताते हैं। अब यह नई वाली मुस्लिम इंडी का हिस्सा है। उसका परिणाम भी सामने आने लगा है। सोनिया जी की पार्टी ने अपना जो चुनाव घोषणा पत्र जारी किया है, यदि उसको ध्यान से पढ़ा जाए, जिससे अंग्रेजी वाले टू रीड बिटवीन दी लाईन्ज कहते हैं, तो वह काफी हद तक 1947 से पहले का मुस्लिम लीग के चुनाव घोषणा पत्र का नया संस्करण लग रहा है। अब तवलीन सिंह का कहना है कि आधा हिस्सा कम्युनिस्ट पार्टी का ही है। सोनिया गांधी जी की एक दूसरी समस्या भी है। वह मुस्लिम लीग का समर्थन तो लेना चाहती हैं, लेकिन यह नहीं चाहती कि लोग इसको जान लें। वैसे पूछा जा सकता है कि गुड़ तो खाएं, लेकिन गुलगुलों से परहेज की इस नीति का कारण क्या है। जब अपने चुनाव घोषणा पत्र में मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र समेट लिया, अयोध्या में राम मंदिर में आने के निमंत्रण को सार्वजनिक रूप से ठुकरा दिया और मुस्लिम लीग को मंच पर भी बिठा लिया तो अब बचा क्या है? फिर यह हिचकिचाहट कैसी? यह संकट केरल के वायनाड में आया। राहुल गांधी अब उत्तर प्रदेश को छोड़ कर केरल चले गए हैं। केरल में भी मुस्लिम बहुल क्षेत्र वायनाड को उन्होंने अपने लिए चुना है। सारे देश में उन्हें लोकसभा में जाने के लिए अपनी पार्टी की विचारधारा और उसके अनुरूप मित्रों के कारण वायनाड ही सुरक्षित लगता है। यह पांच साल पहले ही स्पष्ट हो गया था जब राहुल गांधी को उत्तर प्रदेश की जनता ने अमेठी में ठुकरा दिया था और वायनाड ने उन्हें संकट के उस काल में सुरक्षा चक्र प्रदान किया था। तब बहुत से राजनीतिक विश्लेषक मानने लगे थे कि राहुल गांधी अब पांच साल मेहनत करके उत्तर प्रदेश के लोगों का विश्वास जीतेंगे।

लेकिन शायद सोनिया परिवार ने यह लंबा रास्ता अख्तियार करने की बजाय वायनाड का सुरक्षा चक्र लेना ही उचित समझा। लेकिन इस बार एक झंझट हो गया। राहुल गांधी दिल्ली से वायनाड तक की लंबी दूरी तय करके लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने वायनाड पहुंचे, तो स्वाभाविक ही मन में आया होगा कि शक्ति प्रदर्शन के लिए रोड शो भी कर लिया जाए। कांग्रेस पार्टी के झंडे बड़ी संख्या में तैयार कर लिए गए। स्वाभाविक है जो मुस्लिम लीग उनको सुरक्षा चक्र प्रदान करती है, उन्होंने शर्त लगा दी कि रोड शो में उनके झंडे भी बराबर लगेंगे। यह राहुल गांधी को स्वीकार नहीं था।

यदि रोड शो हुआ तो मुस्लिम लीग के झंडों के साथ ही। तब कांग्रेस ने इटली के मैकियावली को याद किया होगा। मध्य मार्ग। झंडा न कांग्रेस का लगेगा और न ही मुस्लिम लीग का। देश में शायद कांग्रेस का पहला रोड शो था जिसमें कांग्रेस के झंडों को ही मुस्लिम लीग को प्रसन्न करने के लिए, कांग्रेस के लिए ही हानिकारक मान लिया गया। लेकिन कांग्रेस की समस्याओं का हल केवल मुस्लिम लीग को प्रसन्न कर ही तो होने वाला नहीं लगता। मुस्लिम लीग खुश हुई, तो कम्युनिस्ट बोले। जैसा कि पहले ही मैंने लिखा है कम्युनिस्ट दो रूपों में हैं। पहला रूप वह जो कांग्रेस के शरीर के बीच ही घुस कर बैठा है। दूसरा रूप वह है जो शरीर से बाहर विद्यमान है। कई बार बाहर वाला शरीर प्रश्न करता है और अंदर वाला जवाब देता है। यह जवाब वही होता है जो बाहर वाले कम्युनिस्ट की हित साधना करता है। लेकिन वायनाड ने सब गड़बड़ कर दिया। कम्युनिस्टों ने राहुल गांधी से पूछा कि आप तो पिछले दस साल से चिल्ला रहे हो कि आप की लड़ाई भाजपा वालों से है, लेकिन आप केरल में तो हम से ही लड़ रहे हो। हम दिल्ली में आप के साथ एक मंच पर बैठ कर लम्बे लम्बे भाषण देते हैं। मिल कर भाजपा के साथ लड़ने की हुंकार लगाते हैं, लेकिन उस सबके बावजूद आप केरल में हमसे ही लड़ रहे हैं। सोनिया गांधी जी इसका क्या उत्तर दें? बहरहाल, कांग्रेस को पुनः अपना धरातल तलाशना चाहिए, अपनी उपयोगिता स्थापित करनी चाहिए। तभी उसका कल्याण होगा।

> वायनाड ने सब गड़बड़ कर दिया। कम्युनिस्टों ने राहुल गांधी से पूछा कि आप तो पिछले दस साल से चिल्ला रहे हो कि आप की लड़ाई भाजपा वालों से है, लेकिन आप केरल में तो हमसे ही लड़ रहे हो। हम दिल्ली में आप के साथ एक मंच पर बैठ कर लम्बे-लम्बे भाषण देते हैं। मिल कर भाजपा के साथ लड़ने की हुंकार लगाते हैं, लेकिन उस सबके बावजूद आप केरल में हमसे ही लड़ रहे हैं।

अंचल

गुरुवा और कहार समाज के लोग इसे पुण्य का कार्य समझते हैं

खंडवा में अनोखी परंपरा, गणगौर माता के भंडारे में जूठी पत्तल उठाने के लिए लगती है बोली

खंडवा। खंडवा में गणगौर पर्व के दौरान भंडारा होता है और इसमें सामान के लिए नहीं बल्कि जूठी पत्तल उठाने के लिए बोली लगती है। यह अनोखी परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है गुरुवा और कहार समाज के पूजन में आज भी होती है। अपने भंडारे तो कई देखे होंगे खंडवा में एक ऐसा भंडारा होता है जहां पर झूठी पत्तल की बोली लगाई जाती है झूठी पत्तल को उठाने के लिए युवा उत्साह से भरे रहते हैं जूठी पत्तल या बर्तन उठाने से युवा कतराते नहीं है। बल्कि से धार्मिक आस्था और भक्ति के लिए प्रेरणादायक बताते हैं,भंडारे में जूठी पत्तल उठाने के लिए बाकायदा बोली लगाई जाती है। जिसकी सबसे अधिक बोली होती है उसी को जूठी पत्तल उठाने का मौका मिलता है। गुरुवा और कहार समाज के लोग इसे पुण्य का कार्य समझते हैं। जूठी पत्तल के लिए लगाई जाने वाली बोली का पैसा अगले वर्ष माता के भंडारे के लिए उपयोग में लिया जाता है। यह अनूठी परम्परा सिर्फ निमाड़ के खंडवा में ही निभाई जाती है।

गणगौर पर्व चल रहा है। गणगौर पर्व पर रणु और धनियर राजा को शिव-पार्वती मानकर पूजा जाता है। आयोजन बाकायदा किसी विवाह समारोह की तरह ही सम्पन्न होता है। इसमें मेहंदी की रस्म के साथ साथ झालरिया गीत गाये जाते हैं। रणु बाई को बेटी की तरह मानकर यहां खूब मान-मनुहार की जाती है। नौ दिनों तक चलने वाला यह पर्व होली के बाद से ही शुरू हो जाता है। इस पर्व में होली की राख और गेहूं मिलकर माता की मूठ यानी घटस्थापना की जाती है। इसके बाद बांस की टोकरी में मिटटी डालकर गेंहू बोये जाते हैं। इस कार्य को बाड़ी कहते हैं जिसे आठ दिनों तक सींचा जाता है। आठवें दिन दर्शन के लिए इस स्थान को खोला जाता है। इसके बाद लोग इन्हें लेकर अपने घर जाते हैं और नेवैद्य लगाने और भंडारा करने के बाद माता को पानी पिलाने और झालरिये देने बाग-बगीचे में ले जाया जाता है। इस तरह गणगौर पर्व मनाया जाता है।

100 साल पुरानी ,जूठी पत्तल उठाने की परंपरा

गुरुवा और कहार समाज के लोगों का मानना है कि जूठी पत्तल उठाना पुण्य कार्य है। समाज के सोमनाथ काले ने बताया की जूठी पत्तल उठाने की परम्परा लगभग 100 वर्ष पुरानी है। इसे उनके बुजुर्गों ने शुरू किया था। जूठी पत्तल उठाने की यह परम्परा समाज में सामाजिक समरसता लाती है। इससे समाज का एक धनी व्यक्ति भी जूठी पत्तल उठाने की बोली लगाकर समाज के गरीब व्यक्ति की जूठी पत्तल सहर्ष उठाता है। अब हर पंगत पर बोली लगती है। इस बार से आने वाले वर्ष के लिए होने वाले माता के भंडारे के लिए अनाज और अन्य वस्तुओं के लिए भी बोली लगाई गई है। बोली की राशि का उपयोग आगामी वर्ष में होने वाले भंडारे में किया जाता है। ऐसी मान्यता है कि माताजी की पूजा में जो लोग भोजन करने आते हैं, उनकी जूठी पत्तलें उठाने पर उन्हें माता का विशेष आशीर्वाद प्राप्त होता है।

युवाओं का पलायन रोकना है बढ़ी चुनौती..बंद उद्योग खुले, नए बने तो बने बात

सारंगपुर । एक समय सारंगपुर में उद्योग आबाद थे, जिससे हजारों हाथों को रोजगार मिलता था, लेकिन समय के साथ यहां उद्योगों में ताले लगते गए और क्षेत्र वीरान सा हो गया। अब जो थोड़े बहुत छोटे मोटे निजी उद्योग हैं, वे भी मरणासन्न स्थिति में हैं। ऐसे में यहां के रोजगार की स्थिति दयनीय है, अब बंद फैक्ट्री दोबारा चालू करने के साथ साथ नए उद्योग खोलना लोगों की जरूरत बन गई है। यदि और नए उद्योग आएं तो सारंगपुर शहर सहित क्षेत्र की सूरत बदल सकती है, जिसके लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति की बेहद जरूरत है। 90 के दशक में जिले का सारंगपुर एकमात्र औद्योगिक क्षेत्र था। कई सालों तक दर्जनों उद्योगों से क्षेत्र पूरी तरह आबाद रहा। सारंगपुर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों लोग काम करने के लिए यहां पहुंचते थे। क्षेत्र के आबाद रहने से शहर का कारोबार भी काफी फल-फूल रहा था। ऐसे में सारंगपुर को जिले की शान भी कहा जाता था, लेकिन अब हालात बिल्कुल बदल चुके हैं। यहां पर मौजूद आदादर्जन फैक्ट्री चालू स्थिति में नहीं होकर बंद पड़ी है। जो इन दिनों महज शोपीस बनकर खड़ी दिखाई देती है। फैक्ट्री में काम करने वाले कर्मचारी अब या तो छोटी-मोटी दुकान चला रहे है या मजदूरी कर परिवार चला रहे हैं। पहले शहर सहित पूरे अंचल से बेरोजगार यहां पहुंचकर उद्योगों में काम करते थे। ऐसे में सारंगपुर की पहचान रोजगार देने वाले नगर के रूप में थी, लेकिन आज हालात बदल गए हैं। लगातार युवाओं का पलायन जारी है।

देसी कट्टा और अवैध शराब परिवहन करने सहित चोरी करने वाले मक्सी पुलिस की गिरफ्त में

मक्सी। पुलिस अधीक्षक जिला शाजापुर यशपाल सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टी.एस. बघेल व अनुविभागीय अधिकारी शजापुर गोपाल सिंह चौहान के निर्देशन में अवैध शराब व अवैध हथियार कि धरपकड़ हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसके पालन में थाना प्रभारी मक्सी भीम सिंह पटेल के द्वारा टीम का गठन किया गया टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर झोंकर के पास से अंकुश झंझा कंजर निवासी टोंक कला को अवैध रूप से दो केन में भरकर करीबन 60 लीटर कच्ची शराब का परिवहन करते पकड़ा आरोपी के पास से लोहे का एक अवैध देसी कट्टा व जिंदा राउंड भी मिला आरोपी द्वारा शराब परिवहन में उपयोग में लाई गई पल्सर मोटरसाइकिल जो आरोपी ने मक्सी के हाट से चोरी की थी उक्त कार्यवाही में निरीक्षक भीम सिंह पटेल उप निरीक्षक घनश्याम बैरागी उप निरीक्षक तेज प्रकाश बोहरे कार्यवाहक एएसआई संजय सावनेर कार्यवाहक एएसआई संतोष रघुवंशी कार्यवाहक प्रधान आरक्षक 167 नीलेश जामलिया कार्यवाहक प्रधान आरक्षक 656 राहुल पटेल कार्यवाहक प्रधान आरक्षक 164 इंद्रजीत सिंह कार्यवाहक प्रधान आरक्षक 208 पुष्पेंद्र चंदेल आरक्षक 348 दिनेश मीणा आरक्षण 154 दीपक यादव आरक्षक 62 अरुण सितपरा आरक्षक 220 कुमेर यादव आरक्षक 570 राहुल जाट आरक्षण 173 हरेंद्र बघेल की सराहनीय भूमिका रही।

अब चुनाव में मतदान दिवस के कवरेज में शामिल प्राधिकृत पत्रकारों को भी पोस्टल बैलेट से वोट करने की सुविधा

बुरहानपुर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अब मतदान दिवस के कवरेज में शामिल प्राधिकृत पत्रकारों को भी पोस्टल बैलेट से वोट डालने की सुविधा प्रदान की गई है। आयोग ने पत्रकारों के कार्य को अत्यावश्यक सेवा श्रेणी में स्थान देकर यह सुविधा प्रदान की है। यह सुविधा केवल उन पत्रकारों को मिलेगी, जिन्हें निर्वाचन कार्य के कवरेज हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्राधिकार पत्र जारी किया गया हो। आयोग के निदेर्शानुसार एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री भव्या मित्तल के मार्गदर्शन में आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में मिडिया प्रतिनिधियों के साथ पोस्टल बैलेट के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अपर कलेक्टर श्री शंकरलाल सिंगाड़े ने पोस्टल बैलेट सुविधा के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने प्रपत्रों को भरने की प्रक्रिया बतलाई।

लेख है कि 13 मई, 2024 को जिले में मतदान होना है। चुनाव कार्य के कवरेज में संलग्न पत्रकार को अपना प्राधिकार पत्र लगाकर पोस्टल बैलेट से मतदान करने के लिये आवेदन करना होगा। तय प्रक्रिया का पालन करने एवं प्राधिकार पत्र संलग्न करने पर संबंधित निर्वाचन अधिकारी प्राधिकृत पत्रकार को पोस्टल बैलेट जारी कर उनसे मतदान करायेंगे। कार्यशाला में मिडिया प्रतिनिधिगण, संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी मिडिया मैनेजमेंट श्री अशोक कुमार जाधव, डिप्टी कलेक्टर श्री राजेश पाटीदार, सहायक संचालक सुश्री आशा उईके सहित संबंधित उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक स्वास्थ्य, गृह (अग्निशमन सेवाएं), ऊर्जा विभाग के अमले सहित निर्वाचन कार्य में मतदान दिवस के कवरेज में संलग्न भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी प्राधिकार पत्रधारी पत्रकारों को अत्यावश्यक सेवा श्रेणी में अधिसूचित किया है। इसका आशय यह है कि सेवा में रत रहने की वजह से कोई भी मतदान करने से वंचित न रहे। आयोग की मंशा के अनुरूप अधिसूचित सेवाओं के व्यक्ति पोस्टल बैलेट से मतदान कर सकेंगे।

मृदुभाषी

इंदौर, रविवार, 14 अप्रैल 2024

ब्रीफ न्यूज़

गणगौर के उत्साह में झालरिया देकर की माता की आराधना

खरगोन। सुहाग और सौभाग्य का प्रतीक गणगौर पर्व का उल्लास चरम पर है। शहर से लेकर गांव. कस्बो तक ईसरदासजी आयो.आयो चैतडल्या रो मास जी, जंवारा जतन कर राखज्यो जी। जैसे मारवाडी, राजस्थान और निमाडी बोली पर गणगौर गीतो पर महिलाओं ने झालरिया देकर आराधना की। जिन क्षेत्रों में चैत्र पंचमी याने शनिवार को श्रृंगारित रथो में शनिवार देरशाम घाट पर भ्रमण के लिए ले जाया गया, यहां से मन्नतधारी परिवार मान. मनुहार कर माता को अपने घर लाए। गणगौर घाट पर माताजी का विशेष पूजन.अर्चन किया गया। यहां कुछ देर रुकने के माता को पानी पिलाकर, यहां से मन्नत वाले श्रद्धालुओं द्वारा रथ बौड़ाकर माता की मनुहार कर उन्हें बेटी की तरह घर लाया गया। शनिवार से माता की विदाई याने विसर्जन का दौर शुरू होगा।

आबकारी विभाग के दल ने जब्त की 28 हजार रुपए से अधिक की अवैध शराब और महुआ लहान

रतलाम। लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेश बाथम के निदेर्शानुसार तथा सहायक आयुक्त आबकारी डॉ. शादाब अहमद सिद्दीकी के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा विक्रय, संग्रह और उत्पादन के विरुद्ध 12 अप्रैल को वृत स के आबकारी अमले द्वारा वृत के ग्राम नंदलाई में शिवा पिता बालू के कब्जे से 12 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, राधेश्याम पिता मोहनलाल के कब्जे से 05 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं ग्राम पंथपाड़ा में 250 केजी लहान जब्त कर नष्ट किया गया। इस प्रकार आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) के तहत 03 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। कुल जब्त मदिरा 17 लीटर हाथ भट्टी मदिरा व महुवा लहान की अनुमानित कीमत 28400 आंकी गई। सम्पूर्ण कार्यवाही में आबकारी उपनिरीक्षक पुष्पराज सिंह, आबकारी आरक्षक भगवती सोलंकी, विक्टोरिया बोरासी नगर सैनिक चेतराम, बद्रीलाल का सराहनीय योगदान रहा।

रतलाम जिले में अवमानक खाद्य पदार्थों के 22 प्रकरणों में 2 लाख रुपए से अधिक का अर्थदंड

रतलाम। रतलाम जिले में अवमानक खाद्य पदार्थों के 22 प्रकरणों में न्यायालय द्वारा कुल 2 लाख 21 हजार रुपए का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। कुल 1 लाख 75 हजार रुपए अर्थदंड वसूला गया है। कलेक्टर श्री राजेश बाथम के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा अधिनियम 2006 के अंतर्गत मिलावट के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री कमलेश जमरा ने बताया कि समाप्त पिछली तिमाही के जनवरी से मार्च तक की अवधि में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा 45 नमूने लेने के लक्ष्य के विरुद्ध 232 खाद्य पदार्थों के नमूने प्राप्त करके राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल को भेजे गए। योग्यता अवधि में 208 नमूनों की जांच रिपोर्ट मिली जिनमें 16 नमूने अवमानक पाए गए, 14 प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए गए थे। उक्त अवधि में 908 लाइसेंस रजिस्ट्रेशन भी जारी किए गए। जारी किए गए लाइसेंस तथा रजिस्ट्रेशन फीस से कुल 11 लाख 60 हजार रुपए का राजस्व शासन को प्राप्त हुआ।

जिला चिकित्सालय रतलाम को पीजी डिप्लोमा कोर्स के लिए मान्यता मिली

रतलाम । रतलाम जिले के जिला चिकित्सालय को एमबीबीएस करने के उपरांत पीजी डिप्लोमा कोर्स करने के लिए मान्यता मिली है। सिविल सर्जन डॉ. एम.एस. सागर ने बताया कि रतलाम जिले के जिला चिकित्सालय में अब नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन ऑफ मेडिकल साइंसेज से पोस्ट ग्रैजुएट डिप्लोमा के लिए मान्यता मिल चुकी है। इस संबंध में एमबीबीएस करने के उपरांत चिकित्सक नीट परीक्षा के माध्यम से पोस्टग्रेजुएट डिप्लोमा इन एनेस्थीसिया, गायनेकोलॉजी और फैमिली मेडिसिन का डिप्लोमा प्राप्त कर सकेंगे। जिला चिकित्सालय सर्जन डॉ. बी.एल. तापड़िया को डिप्लोमा कोर्स के लिए प्रभारी नामांकित किया गया है जबकि गायनेकोलॉजी की फैकल्टी के रूप में डॉ. ममता शर्मा स्त्री रोग विशेषज्ञ, एनेस्थीसिया के लिए डॉक्टर महेश मौर्य, फैमिली मेडिसिन के लिए डॉक्टर जीवन चौहान, डॉ. भगवतीलाल तापड़िया, डा. ममता शर्मा, डॉ. नावेद अंजुम कुरैशी को फैकल्टी के रूप में नामांकित किया गया है। प्रत्येक विद्या के लिए दो-दो सीट जिला चिकित्सालय में आवंटित की गई है।

गर्भगृह के पास खुदाई से मुस्लिम पक्ष को फिर आपत्ति

धार भोजशाला सर्वे के 23वें दिन गर्भगृह के पास खुदाई का काम जारी, सर्वे ने पकड़ी गति

धार । धार की ऐतिहासिक भोजशाला में हाईकोर्ट के आदेश पर भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण की टीम द्वार सर्वे जारी है। सर्वे के 23वें दिन शनिवार को पुरातत्व विभाग की 21 सदस्यीय टीम 29 मजदूरों के साथ सुबह 8 बजे प्रवेश कर लिया था। जो देर शाम 5 बजे तक चलता रहा। बता दें कि कल से भोजशाला परिसर के पीछे 3 साइट पर और गर्भगृह के पास खुदाई का काम चल रहा है। भोजशाला में अभी तक 22 दिन के सर्वे के दौरान सीढ़ियां, दीवार, शिलालेख, पत्थरों के भित्त चित्र और अकल कुइया के पास सर्वे किया जा चुका है। भोजशाला के पीछले हिस्से में सर्वे लगातार जारी है। इसी के साथ टीम द्वारा भोजशाला में बने खम्बों की भी मैपिंग की जा रही है। गुंबद की मैपिंग भी चल रही है। क्लीनिंग ब्रशिंग की गई है। मिलने वाले सभी शिलालेख और पत्थरों की सफाई कर उनके फोटो वीडियो लेकर उनकी क्लीनिंग कर नंबरिंग कर कोडिंग देकर पैक कर लिया गया है। अब उन्हें लैब भेजा जाएगा। आने वाले दिनों में सर्वे के लिए और नई विधाओं के साथ जीपीएस और जीपीआर मशीन का भी इस्तेमाल किया जाएगा। इसी के साथ पत्थरों की कार्बन डेटिंग भी करवाई जाएगी।

पुरातत्व विभाग व संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के अपर महानिदेशक आलोक त्रिपाठी दोबारा सर्वे टीम में कुछ सदस्यों को लेकर पहुंचे है। वहीं 3 से 4 एएसआई के सदस्य कुछ मशीनों को लेकर आने की उम्मीद जताई जा रही हैं। क्योंकि 6 सप्ताह में रिपोर्ट पेश करना है।

भूगर्भीय जांच करने वाली मशीन का इंतजार

भोजशाला में सर्वे कार्य में तेजी लाने के लिए भू-गर्भ की स्थिति की जांच करने वाली मशीनों का इंतजार किया जा रहा है। सर्वे कार्य में शामिल होने जा रहे हिंदू पक्ष के लोगों के अनुसार सर्वे दल के सदस्य भी आगामी दिनों में सर्वे में आधुनिक मशीनों के आने की बात स्वीकार कर रहे है। वही बताया जा रहा है कि भोजशाला के संरक्षित क्षेत्र में अनेक गुप्त रास्तो एवं सुरंगो के बारे में पता चल रहा है। इस संबंध में पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित क्षेत्र की लगातार उपेक्षा के चलते बड़ी संख्या में मकानों के निर्माण कर लिए गए है अब सर्वे के दौरान इस प्रकार के अतिक्रमण किए गए निर्माण को हटाने के लिए नोटिस भी दिए जा रहे है।

गर्भगृह के पास खुदाई से मुस्लिम पक्ष को आपत्ती – मुस्लिम पक्षकार अब्दुल समद ने कहा कि अब तक के सर्वे से वो संतुष्ट है, लेकिन कुछ मामलों में उन्होंने आपत्ती दर्ज कराई है। उनका कहना है कि हाईकोर्ट के निर्देश के मुताबिक ऐसी जगह खुदाई नहीं की जानी चाहिए जिससे इमारत को नुकसान पहुंचे। लेकिन दरगाह के पास खुदाई की जा रही है। बाबा की दरगाह के पास किसी का भी जाना माना है। बाबा की मजार है दरगाह है वो अपने आप में सम्माननीय हैं।

बाइक सवार को बचाने रांग साइड घुसी बस, सभी यात्री सुरक्षित

असंतुलित होकर डीजे से टकराई बस, दो लोग घायल

शाजापुर। इंदौर से आ रही एक बस सामने से आ रहे बाईक सवार को बचाने असंतुलित होकर रांग साईड जाकर डीजे वाहन से टकरा गई। हादसे में बस चालक व डीजे वाहन चालक घायल हो गए। गनीमत रही कि बस में सवार यात्रियों में से किसी को कोई चोंट नहीं आई।

घटना शनिवार सुबह की है जब इंदौर से आ रही शारदा ट्रेवल्स की बस जब दुपाड़ा चौराहे पर पहुंची तभी सामने से एक बाईक सवार आ गया, जिसे बचाने के चक्कर में बस चालक ने स्टेयरिंग रांग साईड घुमा दिया और बस वहां से गुजर रहे डीजे वाहन से टकरा गई। हादसे में बस और डीजे वाहन का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में डीजे वाहन के चालक को चोंट आई है जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं बस चालक को भी मामूली चोंट आई है। बस में सवार यात्रियों में से किसी को कोई चोंट नही आई ओर सभी यात्रियों को दूसरे वाहन में बैठाकर रवाना किया गया।

आए दिन होते रहते हैं हादसे

शहरी हाईवे पर लालघाटी की ओर से आने वाले वाहन तेज गति से आते हैं, जिसके कारण आएं दिन हादसे होते रहते हैं। यहां लंबे समय से स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की जा रही है लेकिन अभी तक ब्रेकर नही लगाए गए हैं। तो यहां लगाए गए ट्राफिक सिग्नल भी महज शो पीस बने हुए हैं जो अधिकांश समय बंद ही मिलते हैं। यह पहला हादसा नहीं है। इसके पहले भी इस चौराहे पर गंभीर हादसे हो चुके हैं बावजूद इसे जिम्मेदार गंभीरता से नहीं ले रहे हैं।

दोनों ओर लगी वाहनों की कतार

हादसे के बाद दोनो क्षतिग्रस्त वाहन सड़क पर खड़े हो गए जिससे दोनो ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और कुछ देर के लिए जाम की स्थिति बन गई। सूचना मिलने पर पहुंची यातायात पुलिस ने दोनो वाहनों को रास्ते से अलग किया। इसके बाद वाहनों को वहां से निकलवाकर यातायात सुचारू किया।

मतदान अधिकारी गंभीरता के साथ प्रशिक्षण लें: कलेक्टर

शाजापुर। लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए नियुक्त किये गये मतदान अधिकारी गंभीरता के साथ प्रशिक्षण लें। उक्त निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋजु बाफना ने आज प्रशिक्षण के निरीक्षण के दौरान दिये। उल्लेखनीय है कि आज जिला मुख्यालय पर लगभग 150 नवनियुक्त शासकीय सेवकों एवं ऐसे शासकीय सेवक जिन्होंने पूर्व में निर्वाचन में काम नहीं किया है, के लिए स्थानीय बीकेएसएन महाविद्यालय के दो कक्षों में विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सुश्री बाफना ने प्रशिक्षण पाने वाले शासकीय सेवकों से मतदान से संबंधित प्रश्न भी पूछे। कलेक्टर ने कहा कि सभी प्रशिक्षणार्थी महत्वपूर्ण बिन्दुओं को नोट करें। मतदान कराने के लिए सौंपे गये दायित्वों की जानकारी लें। नियमों का अध्ययन करें तथा मतदान के दौरान क्या करना है और क्या नहीं करना है, इसके बारे में जानें। कलेक्टर ने सभी प्रशिक्षणार्थियों से कहा कि मॉकपोल की गंभीरता को समझें और अत्यंत सावधानी के साथ निर्देशों के अनुरूप कार्य करें। मतदान के दौरान किसी भी तरह की त्रुटि नहीं रहना चाहिये। सभी फॉर्म को सही तरीके से भरें। मतदान से संबंधी कोई भी प्रश्न हो तो उसे बेझिझक पूछें और समाधान प्राप्त करें। इस मौके पर कलेक्टर ने कहा कि बीएलओ द्वारा मतदाताओं को दी गई मतदाता पर्ची से मतदाता की पहचान स्थापित नहीं करना है, बल्कि निर्वाचन आयोग द्वारा तय पहचान के लिए निर्धारित 12 दस्तावेजों में से कोई भी एक से मतदाता की पहचान स्थापित करना है। इस दौरान मास्टर ट्रेनर डॉ. वीपी मीणा, डॉ. सुनील आडवानी, डॉ. नीलेश महाजन, प्रो. रजत राठौर ने विस्तार से प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संतोष टैगोर, प्रशिक्षण नोडल अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विवेक दुबे, तहसीलदार आलोक सक्सेना एवं नायब तहसीलदार जितेन्द्र चौरसिया भी उपस्थित थे।

शहर में चल रहे वाटर प्लांट : पानी की क्वालिटी जांचने के लिए विभाग के पास न फुरसत न कोई व्यवस्था

संचालक आरओ की जगह पिला रहे नल व बोरिंग का सादा पानी

सारंगपुर। नगर ही नहीं ग्रामीण क्षेत्र भी गर्मी के इस मौसम में जल संकट से जूझ रहा है। ऐसे में आरओ वाटर का धंधा जोरों पर चल पड़ा है। लेकिन यह पानी कितना शुद्ध है, कहां से आता है, किस प्रक्रिया से तैयार हो रहा है, इसकी पड़ताल करने वाला कोई नहीं। यही कारण है कि कई जगह केवल सादा पानी को कैम्पर में भरकर उपभोक्ताओं को ठगा जा रहा है। पेयजल में कितनी शुद्धता है, कहां से, किस प्रोसेस के बाद यह पानी आ रहा है, इसकी जांच करने की फुरसत भी जिम्मेदारों को नहीं है। यही कारण है कि कई जगह आरओ वाटर प्लांट संचालका मनमाने तरीके से प्लांट चला रहे है। इनमें से कुछ के पास तो नगरपालिका के नल कनेक्शन है, तो कुछ बोरिंग का पानी ठंडा करके कैम्पर में भरकर बेच रहे हैं।

मनमाने दामों में बिक्री सेहत से हो रहा खिलवाड़ : मनमाने दामों पर पानी बिक्री हो रही है। वही आरओ के नाम पर कई जगह सिर्फ सादा पानी सप्लाई किया जा रहा है। नगर के गली-मोहल्लों में जगह- जगह संचालित हो रहे वॉटर प्लांटों पर नियमों को ताक पर रखकर जनता की सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। कई वाटर प्लांट संचालकों द्वारा सिर्फ पानी को ठंडा कर शासकीय एवं प्राइवेट दफ्तरों में, शादी पार्टी अन्य कार्यक्रमों सहित घर दुकानों में सप्लाई किया जा रहा है। गर्मी के कारण पानी की खपत बढ़ रही है और ऐसे में लोगों द्वारा बोतल और पानी पाउच तैयार कर भी खूब बेचे जा रहे है। सूत्रों की माने तो पानी के पाउच पैक करके बड़ी मात्रा में परिवहन भी किए जा रहे है।

टीम गठित करेंगे

शहरीय क्षेत्र में कितने वॉटर प्लांट चल रहे है, इसका सर्वे करने एक टीम गठित कर देते है। साथ ही परमिशन देने वाले विभाग से चर्चा भी करेंगे की कितनों के पास वॉटर प्लांट चलाने की परमिशन है।

– लालसिंह डोडिया, सीएमओ, सारंगपुर

एक्सपायरी की तारीख भी अंकित नहीं

बता दे की कई पानी की बोतलों और पाउच पर एक्सपायरी डेट तक अंकित नहीं की जाती, जिससे उपभोक्ताओं को पता ही नही रहता की यह पानी कब तक पीने योग्य है। खपत बढ़ते ही कई वाटर प्लांट संचालक शहर में पानी की पूर्ति करने के लिए अपने प्लांट से मार्केट में अस्थाई टंकियों में पानी भरकर लाते हैं और 20-20 लीटर के कैम्पर में पानी भरकर जगह- जगह सप्लाई कर दी जाती है। कई बार पानी के इन कैम्परों में बदबू और कई बार कचरा भी मिलता है लेकिन उपभोक्ताओं को चूना लगाते हुए आरओ वाटर के नाम पर सादा व अशुद्ध पानी की भी आपूर्ति बेधड़क की जा रही है। अधिकांश लोगों को पता ही नहीं है कि जो अपनी सेहत की बेहतरी के लिए आरओ का पानी समझकर वे जो पानी खरीदकर पी रहे है वह सादा पानी है। सूत्रों के मुताबिक कई वॉटर प्लांट पर स्थानीय प्रशासन की अनुमति के बिना ही बोरिंग कराए गए हैं। कई जगह इन प्लांट पर नगरपालिका घरेलू नल कनेक्शन से ही इन कैम्परों में पानी भरा जा रहा है। वहीं रोजाना मनमाने दामों पर लाखों लीटर यही पानी बेचा जा रहा है।

आचार्य श्री हितेशचंद्र सूरीश्वर समेत मुनि मंडल का नगर में मंगल प्रवेश

बड़ावदा। प. पु .दादा गुरुदेव राजेन्द्र सूरीश्वर जी म.सा. की पाट परम्परा में नवम आचार्य प.पु. गच्छाधिपति आचार्य देवेश श्रीमद विजय ऋषभचंद्र सूरीश्वर जी म सा के पट्टधर, ज्योतिषाचार्य मुनिराज जयप्रभ विजय जी म .सा.के शिष्य प .पु. गच्छाधिपति आचार्य देवेश श्रीमद्विजय हितेशचंद्र सूरीश्वर जी म .सा . के आचार्य पद ग्रहण करने के पश्चात नगर में पहली बार नगर में आगमन हुआ। आपके साथ प. पु मुनीराज श्री दिव्यचन्द्र विजय जी म सा,प. पु .मुनीराज श्री रूपेंद्र विजय जी म सा,प पु मुनीराज श्री वैराग्ययश विजय जी म.सा भी मोजूद रहे।

आचार्य श्री आदि मुनि मंडल का भव्य नगर प्रवेश जयशेखर धाम दादावाड़ी से हुआ।प्रवेश जुलूस नगर के प्रमुख मार्गो से निकला। जगह जगह आचार्य श्री की गहुली हुई। बैंड बाजे व ढोल ढमाकों की थाप पर युवा वर्ग गरबा नृत्य कर उल्लास प्रकट कर रहे थे।महिलाए कलश लिए चल रही थी।दादावाड़ी पर एक धर्मसभा हुई। स्वागत गीत सुरभि सकलेचा,शिरीष सकलेचा,श्री संघ अध्यक्ष राजेंद्र औरा व डा.प्रदीप बाफना आदि ने अपने विचार रखे।श्री संघ ने आचार्य श्री को कांबली ओढ़ाई।

हितेश चंद्र सूरी जी ने अपने आशीर्वचन में कहा कि व्यक्ति को यदि मंजिल प्राप्त करना है तो उसे अपने मन को मजबूत बनाना होगा। यदि आप कोई कार्य करेंगे तो उसकी निन्दा भी होगी,लेकिन उससे विचलित न हो।भगवान महावीर ने भी कई उपसर्ग सहे।आपने कहा कि समय तेजी से बदल रहा है लेकिन हमें पुराने समय को कभी नहीं भूलना चाहिए दुख में जो व्यक्ति काम आया उसका उपकार कभी ना भूले।आपने कहा कि किसी कि आत्मा को दुखाकर आप कभी खुश नहीं रह सकते।आपने जय शेखर विजय जी का स्मरण करते हुए कहा कि वे सच में आत्मर्थी थे और उनका सपना दादावाड़ी को ऊंचाइयों पर ले जाने का था जो आज ट्रस्ट मंडल के सहयोग से पूर्ण होने जा रहा है। आपने आश्वस्त किया कि मोहनखेड़ा ट्रस्ट की जहां भी दादावाड़ी को आवश्यकता लगेगी वह सहयोग करेंगे।

संचालन विपुल सकलेचा ने किया। आभार पुखराज मल सकलेचा ने माना।नवकारसी का लाभ श्रीमती चमेली बाई मेहता परिवार ने लिया। श्री संघ द्वारा स्वामी वात्सल्य का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नव निर्वाचित श्री संघ अध्यक्ष राजेन्द्र ओरा का बहुमान दादावाड़ी ट्रस्ट एवम सातम परिवार ने किया। प्रभावना जुहारमल सकलेचा परिवार ने वितरित की।

श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर समर्थ सिटी में सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ में शनिवार को श्रद्धालुओं की काफी भीड़ दिखाई दी। कल अनुष्ठान का सातवां दिन था। अनुष्ठान में साम्मिलित हुए 151 इन्द्र-इंद्राणियों के जोड़े भगवान की भक्ति में लीन दिखाई दिए और अंतिम वलय में 1024 अर्घ्य चढ़ाए। आज महोत्सव का समापन पूर्ण आहूति और भव्य यात्रा के साथ किया जाएगा। प्रतिष्ठाचार्य शुभम जैन के सानिध्य में चल रहे आठ दिवसीय श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ का शनिवार को सातवां दिन था। अंतिम वलय में सभी 1024 अर्घ्य समर्पित किए गए जिसमें इन्द्र-इन्द्राणियों के जोड़े सहित श्रद्धालु सम्मिलित थे। प्रातः काल में विधि विधान पूर्वक भगवान का अभिषेक, शान्तिधारा और मंडल पूजन किया गया। साथ ही सभी धार्मिक क्रियाएं विधि विधान पूर्वक की गई। महोत्सव में मुख्यरुप से प्रकाश जी छाबड़ा जी, प्रदीप जी बड़जात्या पुलक मंच और संस्कार समिति के सदस्य मौजूद रहे। सायंकाल में महाआरती करने का सौभाग्य अंकित जैन नाहर परिवार के परिवार को प्राप्त हुआ। सुप्रसिद्ध गायिका अहिंसा जैन सागर की स्वर लहरियों से आरती कराई गयी जिससे सभी श्रद्धालु प्रभु की भक्ति में झूमते दिखाई दिये। आरती पश्चात विद्याधर से विद्यासागर नाटिका का मंचन किया गया। रविवार को महोत्सव के अंतिम दिन पूर्ण आहुति दी गयी उसके पश्चात भव्य यात्रा के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

मां मनकामनेश्वरी मंदिर में अंबे माता को ओढ़ाई जाएगी 501 मीटर लंबी चुनरी

अलीराजपुर। नगर के बोरखड़ स्थित मां मनकामनेश्वरी माता मंदिर में माताजी को चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में 15 अप्रेल को 501 मीटर लंबी चुनरी ओढ़ाई जाएगी। इसके लिए नगर के पंचमुखी हनुमान मंदिर से मां मनकामनेश्वरी माता मंदिर तक ढोल ढमाके एवं बेंडबाजो के साथ विशाल चुनरी कलश यात्रा निकाली जाएगी मां मनकामनेश्वरी माता मंदिर भक्त मंडल समिति के महेश पटेल एवं विधायक सेना पटेल,पुष्पराज पटेल ने बताया कि प्रतिवर्ष की परंपरानुसार चैत्र नवरात्रि के अवसर पर भव्य चुनरी कलश यात्रा का आयोजन मां मन्कामनेश्वरी मंदिर समिति एवं सभी सर्वसमाज एवं नगर की विभिन्न मंदिर समितियों एवं श्रद्धालुओं के सहयोग से किया जाएगा। चुनरी यात्रा दोपहर 4 बजे से पंचमुखी हनुमान मंदिर से आरंभ होकर, बस स्टेंड, एमजी रोड़, नीम चैक, पोस्ट आफिस चैराहा, झंडा चैक, रामदेव मंदिर चैराहा, खंडवा बड़ौदा मार्ग, बोरखड़ होते हुए मां मनकामनेश्वरी माता मंदिर पहुंचेगी। जहां पर माताजी को धार्मिक विधि विधान से 501 मीटर लम्बी चुनरी ओढ़ाई जाएगी।इस आयोजन में चुनरी यात्रा में शामिल होने वाली महिला एवं बलिका श्रद्धालुओं को मंदिर समिति की ओर से 2100 चुनरी ओर 501 श्रीफल कलश का वितरण किया जाएगा। चुनरी कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बालिकाएं एक जैसी चुनर साड़ियां और सिर पर कलश उठाए हुए चलेगी।

नकद में करते थे भुगतान

फर्जी पहचान बनाकर कोलकाता में रुके थे कैफे में विस्फोट करने वाले

बेंगलुरु। कर्नाटक के बंगलूरू में रमेश्वरम कैफे विस्फोट मामले में एनआईए ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एनआईए की विशेष अदालत ने उन्हें 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। दोनों ही आरोपियों को पश्चिम बंगाल के कोलकाता से गिरफ्तार किया गया था। वे दोनों ही वहां फर्जी पहचान बनाकर रह रहे थे। रामेश्वरम कैफे विस्फोट के दोनों आरोपी की पहचान अब्दुल मथीन अहमद ताहा और मुसाविर हुसैन शाजिब के तौर पर की गई है। वे दोनों पूर्वी मिदनापुर जाने से पहले कोलकाता के ड्रीम गेस्ट हाउस में 25 से 28 मार्च तक रुके थे। गेस्ट हाउस के सीसीटीवी फुटेज में दोनों आरोपियों को चेक-इन करते हुए देखा गया। वे 25 मार्च को गेस्ट हाउस में पहुंच और 28 मार्च उन्होंने गेस्ट हाउस छोड़ दिया। जांच के अनुसार, कानून प्रवर्तन एजेंसियों की गिरफ्तारी से बचने के लिए कर्नाटक छोड़ने से पहले आरोपियों ने बार बार अपना पता बदला। इस दौरान दोनों विभिन्न राज्यों में कई छोटे-छोटे होटलों में चेक-इन किया। ज्यादातर स्थानों में उन्होंने नकद से ही भुगतान किया।

गेस्ट हाउस के गेस्ट हाउस के रिसेप्सनिस्ट ने बताया, वे 25 मार्च को यहां आए थे। उनका पहचान पत्र देखने के बाद हमने उन्हें कमरा दे दिया। 28 मार्च को उन्होंने कमरा छोड़ दिया। जब एनआईए की टीम यहां आई तो उन्होंने एंट्री रेजिस्ट्रेशन से अपनी जांच शुरू की। हम होटल के भीतर खाना प्रदान नहीं करते हैं, इसलिए दोनों खाना खाने बाहर जाते थे। उन्होंने नकद से भुगतान किया और एक ही कमरा लिया। वे अपनी क्षेत्रीय भाषा में ही बात करते थे।

कर्नाटक, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में 18 स्थानों पर तलाशी

आरोपियों को पकड़ने के लिए जांच एजेंसियों ने कर्नाटक, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में 18 स्थानों पर तलाशी ली थी। कोलकाता के एक छोटे से गांव कांठी में आरोपियों को ट्रेस किया गया। एजेंसी के अधिकारियों को इस कैफे विस्फोट में शाजिद पर आईईडी रखने और इस विस्फोट के पीछे ताहा का दिमाग होने की आशंका है। बता दें कि एक मार्च को बंगलूरू के रामेश्वरम कैफे में विस्फोट हुआ था, जिसमें 10 लोग घायल हो गए थे। तीन मार्च को एनआईए ने जांच शुरू की। उन्होंने आरोपियों पर दस लाख रुपये का इनाम भी रखा था। कोलकाता की एक अदालत ने दोनों आरोपी को तीन दिन की ट्रांजिट रिमांड पर भेजा था। इसके साथ ही दोनों को कर्नाटक ले जाने की भी अनुमति दी। बंगलूरू पहुंचने के बाद आरोपियों का मेडिकल जांच कराने के बाद उन्हें एनआईए की एक विशेष अदालत के सामने पेश किया गया। अदालत ने दोनों आरोपी को 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

ब्रीफ न्यूज़

ओवैसी ने सीएए को बताया असंवैधानिक, भारतीयों को ईरान-इजराइल न जाने की एडवायजरी पर केंद्र को घेरा

हैदराबाद। लोकसभा चुनाव से पहले एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को कई मुद्दों पर घेरा है। उन्होंने सीएए, हैदराबाद निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार पर फर्जी वोट के आरोपों और विदेश मंत्रालय की तरफ से भारतीयों को ईरान और इजराइल की यात्रा करने से रोकने के लिए एडवायजरी जारी करने जैसे मुद्दों पर मीडिया से बात की। असदुद्दीन ओवैसी ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम को असंवैधानिक बताया है। केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी पर निशाना साधते हुए ओवैसी ने कहा भाजपा ने असंवैधानिक कानून सीएए बनाया है। इसे जाति के आधार पर बनाया गया है, जो समानता के अधिकार के खिलाफ है। मैंने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम की एक कॉपी संसद में फाड़ दी। हम सीएए के खिलाफ थे और हैं।

केजरीवाल की याचिका पर 15 अप्रैल को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट, ईडी की कार्रवाई को दी है चुनौती

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शराब नीति मामले में गिरफ्तार किए गए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई के लिए हामी भर दी है। सर्वोच्च न्यायालय ने सुनवाई के लिए 15 अप्रैल की तारीख मुकर्रर की है। बताया गया है कि जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच मामले की सुनवाई करेगी। गौरतलब है कि इससे पहले शीर्ष कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ उनकी याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया था। केजरीवाल ने ईडी की गिरफ्तारी व रिमांड के खिलाफ अपील की है। केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कोर्ट में कहा, गिरफ्तारी अविश्वसनीय दस्तावेज पर आधारित है और हमसे छिपाई गई है। इस पर मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, ईमेल भेजें, मैं इस मामले को देखेंगे।

बीमा की रकम के लिए कराई पति की हत्या

ग्वालियर। ग्वालियर में एक महिला ने 20 लाख रुपए की बीमा पॉलिसी का क्लेम पाने के लिए अपने पति की हत्या की साजिश रची। हत्या को सड़क हादसा दिखाने के लिए प्लानिंग की। प्लान के मुताबिक वह पति, जीजा और उसके साथियों के साथ कार में घूमने निकली। रास्ते में आरोपियों के साथ मिलकर पति का गला घोंट दिया। इसके बाद उसके शव को कार से कई बार रौंदा गया। घटना 3-4 अप्रैल की दरमियानी रात को चीनौर की है। अगले दिन सड़क पर पुलिस को युवक का शव मिला था। पुलिस ने घटना के 9 दिन बाद शनिवार को मामले का खुलासा कर दिया। पुलिस ने बताया कि मृतक युवक की पत्नी ही इस वारदात की मास्टरमाइंड है। उसने अपने जीजा, जीजा के साढ़ू व दो अन्य दोस्तों के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पुलिस को क्लू मिला था। जिसके बाद आरोपी पत्नी, उसके जीजा, साढ़ू समेत चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। एक आरोपी फरार है।

बलूचिस्तान में आतंकियों का खौफ, कार पर फायरिंग कर दो को उतारा मौत के घाट

बस रोककर 9 यात्रियों को गोलियों से भूना

बलूचिस्तान। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में आतंकवादियों ने नौ बस यात्रियों समेत 11 लोगों की हत्या कर दी। पहली घटना में आतंकवादियों ने नोस्की जिले में हाईवे पर बस को रोका और बंदुक की नोक पर नौ लोगों का अपहरण कर लिया।

एक अधिकारी ने कहा इन नौ लोगों का शव पास के पहाड़ी इलाके में पाया गया। उनके शरीर में गोली लगने के निशान थे। उन्होंने आगे बताया कि बस क्वेटा से ताफ्तान की तरफ जा रही थी। कुछ आतंकवादियों ने बस को रोककर उसमें से नौ लोगों को पहाड़ी इलाके की तरफ ले गए। वहीं एक अन्य घटना में उसी हाईवे पर एक कार पर गोलीबारी की गई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में अन्य दो लोग गंभीर रूप से घायल भी हुए। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर सरफराज बुगती ने कहा कि हाईवे पर 11 लोगों की मौत के जिम्मेदार आतंकवादियों को माफ नहीं किया जाएगा। उन्हें जल्द से जल्द पकड़ लिया जाएगा।

एकमात्र उद्देश्य बलूचिस्तान की शांति को नष्ट करना

उन्होंने आगे बताया कि इस हमले में शामिल आतंकवादियों का पीछा किया जा रहा है। उनका (आतंकवादियों) एकमात्र उद्देश्य बलूचिस्तान की शांति को नष्ट करना है। गृह मंत्री मोहसीन नकवी ने भी इस हमले की निंदा की है। उन्होंने कहा कि सरकार मृतकों के परिजनों के साथ खड़ी है। फिलहाल किसी भी प्रतिबंधित आतंकी संगठनों ने इन हमलों की जिम्मेदारी नहीं ली है। बता दें कि पिछले कुछ समय से प्रांत में आतंकी हमले बढ़ने लगे हैं। इन हमलों में मुख्य रूप से सुरक्षा बलों को निशाना बनाया जा रहा है। प्रांत में हाल ही में माच शहर, ग्वादर बंदरगाह और तुरबत में एक नौसैनिक अड्डे में हुए तीन बड़े आतंकी हमलों की जिम्मेदारी प्रतिबंधित आतंकी संगठन बलूचिस्तान लिब्रेशन आर्मी ने ली थी। इन हमलों में सुरक्षा बलों ने 11 आतंकवादियों को मार गिराया था।

नड्डा ने गिनाए आईएनडीआईए गठबंधन के नेताओं पर लगे आरोप

आधे नेता जेल में और आधे जमानत पर बाहर

गोंदिया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को विपक्षी गठबंधन इंडिया पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने विपक्षियों को भ्रष्टाचारी बताते हुए कहा विपक्षी गठबंधन के आधे नेता जेल में और आधे जमानत पर बाहर हैं।

महाराष्ट्र के गोंदिया जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा, ह्यएक तरफ पीएम मोदी भ्रष्टाचारियों को सजा देने की बात करते हैं। वहीं, इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) गठबंधन का कहना है कि भ्रष्टाचारियों को बचाया जाना चाहिए। अब आपको चुनना है कि भ्रष्टाचारियों को बचाना है या उन्हें सजा मिलनी चाहिए। सोनिया गांधी, राहुल गांधी, पी चिदंबरम, लालू यादव और उनके दोनों बेटे क्या ये सब केवल जमानत पर नहीं हैं? अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन ये सब जेल में नहीं हैं? आधे जमानत पर हैं, आधे जेल में हैं। नड्डा ने विपक्षी नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों पर जोर देते हुए कहा, ह्यकांग्रेस ने कोयला घोटाला, अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला, पनडुब्बी घोटाला, चावल, चीनी, 2जी/3जी घोटाला, कॉमनवेल्थ घोटाला किया। अखिलेश यादव ने लैपटॉप घोटाला और गोमती रिवर फ्रंट में भ्रष्टाचार किया। लालू यादव ने चारा घोटाला किया था। उन्होंने नौकरी के बदले जमीन के घोटाले में भ्रष्टाचार किया। ममता बनर्जी ने शिक्षक भर्ती घोटाला, पशु तस्करी घोटाला, रेत घोटाला किया।

केंद्रीय खेल, युवा मामलों और सूचना एवं प्रसारण मंत्री ने कांग्रेस नेता पर कसा तंज, बोले- क्लीन बोल्ड होंगे नकुल

नकुलनाथ के लिए छिंदवाड़ा पिकनिक स्पॉट, चुनाव ईवेंट और सांसद एंजॉय का पद

छिंदवाड़ा। लोकसभा चुनाव में नकुलनाथ इस बार हिट विकेट या क्लीन बोल्ड होंगे। उनके लिए छिंदवाड़ा पसंदीदा पिकनिक स्पॉट है। चुनाव सिर्फ ईवेंट और सांसद पद जिम्मेदारी नहीं, बल्कि एंजॉय करने का साधन है। यह कहना है कि केंद्रीय खेल, युवा मामलों और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर का। अनुराग ठाकुर ने शनिवार को छिंदवाड़ा के पांढुर्णा में भाजपा कार्यकताओं की बैठक ली। यहां उन्होंने रोड शो भी किया। उन्होंने तिगांव और मोहखेड़ में लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू के समर्थन में सभा की। इससे पहले, उन्होंने मीडिया से बात की। 4 अप्रैल को छिंदवाड़ा से कांग्रेस प्रत्याशी नकुलनाथ ने कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा था, मैं आपसे 12 दिन मांगता हूं। 12 दिन काम कर लीजिए, इसके बाद 5 साल एंजॉय करेंगे। इस बयान पर केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने कहा- जब आपका सांसद आपकी आवाज न बने। जुबान बंद रखे। उन्होंने कहा- नकुलनाथ छिंदवाड़ा की जनता के भरोसे को हवा में उड़ाकर एंजॉय करते हैं। उनके लिए चुनाव एक इवेंट है। छिंदवाड़ा उनका पसंदीदा पिकनिक स्पॉट है। सांसद पद जिम्मेदारी नहीं, एंजॉय का पद है।

खेल प्रतिभाओं को उचित प्लेटफॉर्म मिलना जरूरी

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि नरसिंहपुर रोड के चार फाटक रेलवे ब्रिज का विस्तारीकरण की लंबे समय से मांग की जा रही है, जो जल्द पूरी हो जाएगी। कोरोना काल के समय से पांढुर्णा में कुछ ट्रेनों के स्टॉपेज बंद है, जिन्हें फिर शुरू किया जाएगा। ठाकुर ने कहा कि छिंदवाड़ा में राष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम की आवश्यकता है, जो आज तक नहीं मिला है। टेबिल टेनिस हॉल अधूरा है, जिसे जल्द पूरा किया जाएगा।

त्याग

बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के कारोबार से जुड़े भावेश भंडारी छोड़ेंगे ऐशोआराम

200 करोड़ की संपत्ति दान कर संन्यास लेंगे गुजरात के कारोबारी

नई दिल्ली। गुजरात के साबरकांठा जिले का एक कारोबारी परिवार सुर्खियों में है। दरअसल हिम्मतनगर के रहने वाले बिजनेसमैन भावेश भाई भंडारी और उनकी पत्नी ने अपनी 200 करोड़ की संपत्ति दान कर संन्यास लेने का फैसला किया है। उनके इस फैसले की खूब चर्चा हो रही है। भावेश भाई को जाननेवालों का मानना है कि भंडारी के परिवार का हमेशा से जैन समाज की ओर झुकाव रहा है। अक्सर इनके परिवार की मुलाकात दीक्षार्थियों और गुरुजनों से होती रहती थी। भावेश भाई और उनकी पत्नी ने अपनी एशो-आराम की जिंदगी त्यागकर जैन धर्म की दीक्षा लेने और सन्यासी जीवन बिताने का फैसला किया है। भावेश बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन के बिजनेस से जुड़े हुए हैं। उनका कारोबार साबरकांठा से अहमदाबाद तक फैला हुआ है। साबरकांठा जिले के हिम्मतनगर में धूमधाम से चार किलोमीटर लंबी एक शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान सन्यास ग्रहण करने जा रहे भावेश भाई भंडारी और उनकी पत्नी ने अपनी 200 करोड़ रुपये की संपत्ति दान में दे दी। उन्होंने अचानक कारोबारी से दीक्षार्थी बनने का फैसला किया है। जानकारी के अनुसार 22 अप्रैल को भावेश भाई और उनकी पत्नी समेत 35 लोग हिम्मतनगर रिवर फ्रंट पर संयमित जीवन जीने का संकल्प लेंगे।

पंखा, एसी और मोबाइल जैसी सुविधाएं त्यागनी होगी

सन्यास ग्रहण करने के बाद भावेश भाई और उनकी पत्नी को संयमित दिनचर्या का पालन करना होगा। वे जीवन भर भिक्षा मांगकर गुजारा करेंगे। इतना ही नहीं उनको पंखा, एसी, मोबाइल फोन जैसी सुख-सुविधाएं भी त्यागनी पड़ेगी। वे जहां कहीं भी यात्रा करेंगे उन्हें नंगे पांव चलना होगा।

बेटा-बेटी दो वर्ष पहले ही शुरू कर चुके हैं संयमित जीवन जीना

सन्यास लेने जा रहे भावेश भाई भंडारी और उनकी पत्नी से पहले उनके बच्चे (बेटा-बेटी) भी संयमित जीवन जीना शुरू कर चुके हैं। भावेश के 16 साल के बेटे और 19 साल की बेटी दो साल पहले ही जैन समाज की दीक्षा ले चुके हैं। अपने बच्चों से प्रेरित होकर ही भावेश भाई और उनकी पत्नी ने दीक्षा लेने का फैसला किया है।

स्वास्थ्य बीमा में नया नियम लागू

पुरानी बीमारियों के इलाज के लिए तीन साल से ज्यादा नहीं करना होगा इंतजार

नई दिल्ली। स्वास्थ्य बीमा में बड़ा बदलाव किया गया है। इसके तहत पॉलिसीधारकों को अब पुरानी बीमारियों के इलाज के लिए तीन साल से ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। पहले इन बीमारियों के इलाज के लिए प्रतीक्षा अवधि 48 महीने थी। नया नियम एक अप्रैल, 2024 से लागू है।

बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा) ने हालिया अधिसूचना मे कहा, पहले से हुई किसी बीमारी (पीईडी) की जांच स्वास्थ्य बीमा कंपनी की ओर से जारी पॉलिसी के शुरू होने की तारीख से 36 माह पहले फिजिशियन द्वारा किया जाता है या चिकित्सा सलाह या उपचार की सिफारिश की गई है तो ऐसे मामलों में वेटिंग अवधि 36 माह से ज्यादा नहीं होगी। इरडा के मुताबिक, स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी के शुरू होने से 36 महीने तक की अवधि के दौरान उल्लिखित बीमारियां या इलाज (दुर्घटना के कारण को छोड़कर) कवर नहीं होते हैं। अवधि पूरी होने पर इन बीमारियों/ उपचारों को कवर किया जाएगा, बशर्ते पॉलिसी को बिना किसी रुकावट के लगातार रिन्यू कराया गया हो।

बीमा कंपनी को देनी होगी पुरानी बीमारी की जानकारी

इरडा ने स्पष्ट कहा है कि पॉलिसी खरीदते समय खरीदारों को पुरानी बीमारियों के बारे में पूरी जानकारी बीमा कंपनी को देनी होगी।इस आधार पर बीमा कंपनी स्वास्थ्य बीमा उत्पादों में पहले से मौजूद बीमारी की वेटिंग अवधि और विशिष्ट वेटिंग अवधि को कम करने का प्रयास कर सकती हैं। हालांकि, यह नियम विदेशी यात्रा पॉलिसियों के लिए लागू नहीं होगा।

आसान उत्पाद पेश करें कंपनियां

नियामक ने कहा है कि बीमा कंपनियों को सरल और आसान उत्पाद पेश करने की जरूरत है, जो पॉलिसीधारक को समझ में आ जाए। इनके शब्दों, कवरेज व शर्तों में पारदर्शिता और स्पष्टता हो। पॉलिसीधारकों के हितों की रक्षा हो। उत्पादों से संबंधित सभी जोखिमों पर मूल्य निर्धारण में उचित रूप से विचार किया जाए। इरडा ने कहा कि प्रीमियम की दरें उचित हों। अनुचित भेदभावपूर्ण नहीं हों और बीमाधारकों के प्रीमियम का सही मूल्य दें। सभी जोखिम उठाने की क्षमता हो। कोई ऐसे उत्पाद, जिन्हें जरूरी हो तो वापस ले लिया जाए।

भारत-मॉरीशस कर संधि प्रोटोकॉल पर काम बाकी

नई दिल्ली। आयकर विभाग ने कहा कि दोहरे कराधान बचाव समझौते पर संशोधित भारत-मॉरीशस प्रोटोकॉल को अभी तक विभाग द्वारा अनुमोदित और अधिसूचित नहीं किया गया है। भारत और मॉरीशस ने 7 मार्च, 2024 को डीटीएए में एक संशोधन पर हस्ताक्षर किए और समझौते में एक प्रमुख उद्देश्य परीक्षण (पीपीटी) को शामिल किया, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करके कर से बचाव को कम करना है कि संधि के लाभ केवल वास्तविक उद्देश्य वाले लेनदेन के लिए दिए जाते हैं।

विदेशी मुद्रा भंडार 2.98 अरब डॉलर बढ़कर 648.56 अरब डॉलर के नए ऑल टाइम हाई पर

नई दिल्ली। देश का विदेशी मुद्रा भंडार पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 2.98 अरब डॉलर से अधिक बढ़कर 648.56 अरब डॉलर के नये सर्वकालिक उच्चस्तर पर जा पहुंचा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.95 अरब डॉलर बढ़कर 645.58 अरब डॉलर हो गया था जो उस समय तक का सर्वकालिक उच्च स्तर था। इससे पहले, सितंबर 2021 में, देश का विदेशी मुद्रा भंडार 642.45 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 54.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 571.17 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 2.39 अरब डॉलर बढ़कर 54.56 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 2.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.17 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक के मुताबिक, समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा भी 90 लाख डॉलर बढ़कर 4.669 अरब डॉलर हो गयी।

जब भी लागू होगा समाधान किया जाएगा : आयकर विभाग

नई दिल्ली। आयकर विभाग ने कहा कि जब भी प्रोटोकॉल लागू होगा, जहां भी आवश्यक होगा, समाधान किया जाएगा। ऐतिहासिक रूप से, 2016 तक भारतीय कंपनियों में शेयरों की बिक्री से पूंजीगत लाभ की गैर-कर देयता के कारण मॉरीशस भारत में निवेश में संलग्न होने के लिए एक पसंदीदा क्षेत्राधिकार रहा है। भारत में पूंजीगत लाभ पर कर लगाने का दिया अधिकार

2016 में भारत और मॉरीशस ने एक संशोधित कर समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसने भारत को 1 अप्रैल, 2017 से शुरू होने वाले द्वीप राष्ट्र के माध्यम से शेयरों में लेनदेन पर भारत में पूंजीगत लाभ पर कर लगाने का अधिकार दिया। इंडसलॉ के पार्टनर लोकेश शाह ने कहा कि भारत-मॉरीशस कर संधि में अब पीपीटी परीक्षण शुरू होने से, भारत में कर अधिकारी टीआरसी (मॉरीशस कर अधिकारियों द्वारा कर निवास प्रमाण पत्र) से परे देखने की संभावना रखते हैं और भारत-मॉरीशस के लाभ को अस्वीकार करने की क्षमता रखेंगे।

खेल

खिलाड़ियों ने पेरिस में सफल अभियान की जताई आशा, पेरिस ओलंपिक में अच्छे प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त हैं तुषार

भारतीय तीरंदाजों ने देखा नया संसद भवन, साझा किए अनुभव

नई दिल्ली । तुषार शेल्के, पार्थ सालुके, प्रथमेश जवाकर और सिमरनजीत कौर जैसे शीर्ष भारतीय तीरंदाजों ने नई दिल्ली में नई संसद भवन का दौरा किया। इस दौरान इन तीरंदाजों ने अंदर से भारतीय लोकतंत्र के मंदिर को देखा और अपने अनुभव साझा किए। इस साल जुलाई-अगस्त में पेरिस ओलंपिक का आयोजन भी होना है और ये तीरंदाज इसके लिए तैयारी कर रहे हैं।

नया संसद भवन देख गदगद हुए भारतीय तीरंदाज नया संसद भवन देखने के बाद पार्थ ने न्यूज एजेंसी एएनआई से कहा, मैं यहां पहली बार आया। यह बील्डिंग काफी भव्य है और काफी बेहतरीन दिख रही है। वहीं, प्रथमेश ने इसे विशेष अनुभव बताया और कहा, हमने लोकसभा और राज्यसभा के नए हॉल को देखा। यह बहुत बड़ी इमारत है। 19वें एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष रिकर्व टीम का हिस्सा रहे तुषार ने कहा, यह अच्छा अनुभव था क्योंकि अबतक हमने इसे टीवी पर ही देखा था। हमने दोनों सदनों को देखा। यहां बैठने की व्यवस्था काफी अच्छी है। तुषार ने पेरिस ओलंपिक की तैयारियों को लेकर कहा कि वह इन खेलों में भारत के अच्छे प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त हैं और उन्हें उम्मीद है कि भारत पिछले बार की तुलना में ज्यादा पदक जीतेगा। तुषार ने कहा, पेरिस ओलंपिक भारत के लिए अच्छा रहेगा। भारत पिछली बार की तुलना में पेरिस ओलंपिक में अधिक पदक जीतेगा। वहीं, सिमरनजीत को भी उम्मीद है कि भारत इस बार तीरंदाजी में पदक लेकर आएगा। सिमरनजीत ने कहा, हमारी तैयारी जोर शोर से चल रही है। मुझे भरोसा है कि हम इस बार बेहतर प्रदर्शन करेंगे। मैं काफी सकारात्मक हूं। भारत इस बार जरूर तीरंदाजी में पदक लेकर आएगा।

भारत को तीरंदाजी में पहले पदक की आस

भारत ने ओलंपिक में तीरंदाजी में अबतक पदक नहीं जीता है और उसकी कोशिश होगी कि पेरिस में यह सूखा समाप्त हो। तुषार, पार्थ, प्रथमेश और सिमरनजीत इस साल जून में तुर्किये के अंताल्या में होने वाले पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर्स में हिस्सा लेंगे। पेरिस ओलंपिक का आयोजन 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होगा।

कैंडिडेट्स शतरंज में गुकेश की पहली हार, शीर्ष स्थान से फिसले

प्रगनानंदा ने शीर्ष वरीय कारुआना से ड्रॉ खेला

टोरंटो (कनाडा)। डी गुकेश को कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में पहली हार का सामना करना पड़ा। उन्हें फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा के खिलाफ अच्छी स्थिति में होने के बावजूद मात सहनी पड़ी। इस हार के बाद गुकेश (4) को संयुक्त शीर्ष स्थान भी गंवाना पड़ा। अब वह आर प्रगनानंदा और फैबियानो कारुआना के साथ दूसरे स्थान पर हैं। प्रगनानंदा (4) और शीर्ष वरीय कारुआना (4) ने सातवें दौर की बाजी ड्रॉ खेली। विदित गुजराती (3.5) का भी अजरबैजान के निजात एबासोव (2) से मुकाबला बराबरी पर छूटा।

रूस के इयन नेपोमनियाच्ची (4.5) अमेरिकी नाकामुरा (3.5) से ड्रॉ खेलकर इकलौती बढ़त पर हैं। महिला वर्ग में आर वैशाली को चीन की ली टिंगजी (4) से हार का सामना करना पड़ा, जबकि कोनेरू हंपी ने यूक्रेन की मुजिशुक (2.5) से ड्रॉ खेला। दोनों के 2.5 अंक हैं। चीन की झोंगयी तान (5) ने रूस की अलेक्जेंडर गोर्याचकिना (4.5) से ड्रॉ खेल महिला वर्ग में अपनी बढ़त को कायम रखा है।

टूर्नामेंट का आधा पड़ाव समाप्त

सात दौर के बाद टूर्नामेंट का आधा पड़ाव समाप्त हो चुका है। अब अगले सात दौर में विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देने वाले का फैसला होगा। टूर्नामेंट में पहली बार चीजें गुकेश की योजनाओं के अनुसार नहीं चलीं। मध्य खेल तक गुकेश अच्छी स्थिति में थे, लेकिन उन्हें गैरजरूरी जटिलताओं को अपनाना महंगा पड़ा। वह बुरी तरह समय के फेर में फंस गए थे। प्रगनानंदा ने 41 चालों में फ्रेंच रक्षण का सहारा लेते हुए कारुआना से ड्रॉ खेला। गुजराती भी मध्य खेल में मजबूत स्थिति में थे, लेकिन एबासोव ने खेल के अंत में मजबूत रक्षण का परिचय देकर ड्रॉ खेला।

हंपी ने 40 चालों में ड्रॉ खेला

वैशाली और हंपी दोनों सबसे निचले स्थान पर हैं। ऐसे में उनकी टूर्नामेंट में वापसी की उम्मीदें लगभग समाप्त हो चुकी हैं। वैशाली टिंगजी से 36 चालों में हारीं। वहीं काले मोहरों से खेल रहीं हंपी और मुजिशुक का मुकाबला 40 चालों में बराबरी पर छूटा। शुक्रवार को टूर्नामेंट का दूसरा विश्राम दिवस है।

एक-दो मैच और नहीं खेल पाएंगे लखनऊ के मयंक

नई दिल्ली। आईपीएल के 17 वें सीजन में शुक्रवार को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव चोट की वजह से मैच नहीं खेल सके।

मैच के बाद लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने तेज गेंदबाज मयंक यादव के चोट को लेकर अपडेट देते हुए कहा कि मयंक की चोट उतनी गहरी नहीं है। वो ठीक हैं, लेकिन हम नहीं चाहते कि वो जल्दबाजी में मैदान पर वापसी करें। वो युवा हैं और हमें उनका ध्यान रखना है। वो मैच खेलने के लिए बेकरार हैं, लेकिन हमें उन्हें रोकना पड़ रहा है। हो सकता है कि वो एक-दो मैच और नहीं खेले। मयंक यादव गुजरात टाइटंस के खिलाफ अपने इस सीजन के तीसरे मैच में केवल एक ओवर ही गेंदबाजी कर पाए थे और उसके बाद पेट में खिंचाव की वजह से मैदान से बाहर चले गए थे और फिर उन्होंने मैच में गेंदबाजी नहीं की थी।

पंजाब किंग्स के खिलाफ किंग्स के खिलाफ मैच में किया था डेब्यू

मयंक ने आईपीएल के इस सीजन में लखनऊ सुपर जांयट्स की ओर से डेब्यू किया था। वे अब तक इस सीजन में केवल 3 ही मैच खेल पाए हैं। उन्होंने अपने तीन ही मैच से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है। वे आईपीएल के इस सीजन में सबसे तेज गेंद फेंकने वाले गेंदबाज भी बन गए हैं। वह 3 मैचों में 6 की इकोनॉमी रेट से 6 विकेट ले चुके हैं।

मयंक ने इस सीजन पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल में डेब्यू किया और 150 किमी प्रति घंटे की स्पीड को आसानी से पार कर लिया। उन्होंने अपने दूसरे आईपीएल मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 14 रन देकर तीन विकेट लिए और 156.7 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी भी की, जो इस सीजन की सबसे तेज गेंद है। मयंक ने पिछले मैच में पंजाब की टीम के खिलाफ फेंकी गई 155.8 गेंद के अपने रिकॉर्ड को बेहतर किया। मयंक पंजाब और बेंगलुरु दोनों के खिलाफ मैच में प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए थे। वे लीग के इतिहास में करियर के पहले दो मैचों में लगातार दो प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने वाले पहले क्रिकेटर बने।

पांच मैचों की सीरीज में भारतीय हॉकी टीम की चौथी हार

पर्थ। भारतीय हॉकी टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट में 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। पांच मैचों की श्रृंखला में यह मेहमान टीम की चौथी हार है। बिजली कड़कने के कारण 40 मिनट देरी से शुरू हुए मैच में चारों गोल पेनाल्टी कॉर्नर पर आए। भारत ने कप्तान हरमनप्रीत की मदद से 12वें मिनट में बढ़त बनाई थी लेकिन जेरेमी हेवर्ड (19वां मिनट, 47 वां मिनट) ने दो और जैक वेल्क (54वां मिनट) ने ऑस्ट्रेलिया की जीत सुनिश्चित की। पहले टेस्ट में भारत को 1-5, दूसरे में 2-4 और तीसरे में 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था।

न्यूजीलैंड हॉकी टीम के दौरे के 100 वर्ष पूरे होने का मनाएगा जश्न

न्यूजीलैंड भारतीय सेना की हॉकी टीम की ओर से 1926 में किए गए दौरे के सौ वर्ष होने का जश्न मनाने जा रहा है। तीन माह तक चले इस दौरे की टीम में हॉकी के जादूगर ध्यानचंद भी शामिल थे। माना जाता है कि इसी दौरे से ध्यानचंद का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उदय हुआ था। भारत में न्यूजीलैंड के राजदूत डेविड पाइन ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि 2026 दोनों देशों के संबंधों का विशेष वर्ष होगा। उन्होंने कहा कि इस जश्न के लिए एक समिति का गठन हो चुका है और समय के अनुसार चीजें आगे बढ़ती चली जाएंगी। उन्होंने कहा कि हम हर खेल में भारत के साथ जुड़ाव का जश्न मनाएंगे। चाहे ये क्रिकेट हो, वेटलिफ्टिंग, जूडो या फिर बॉक्सिंग। हमें उम्मीद है कि भारत के प्रधानमंत्री 2026 में इस जश्न में शामिल होने न्यूजीलैंड आएंगे।

ब्रीफ न्यूज़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 को आएंगे दमोह, तैयारियों में जुटे भाजपा नेता और पदाधिकारी

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 अप्रैल को दमोह आकर भाजपा प्रत्याशी राहुल सिंह लोधी के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर सकते हैं। इस कार्यक्रम को लेकर तैयारियां की जा रही है। फिलहाल इस कार्यक्रम की औपचारिक स्तर पर पुष्टि नहीं हुई है। दमोह में भाजपा ने राहुल सिंह लोधी को तो कांग्रेस ने तरवर सिंह लोधी को उम्मीदवार बनाया है। दमोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 19 अप्रैल को संभावित आगमन को लेकर शनिवार सुबह निरीक्षण किया गया। विधानसभा चुनाव के समय इमलाई फैक्ट्री के समीप बनाए गए सभा स्थल और हेलीपैड स्थल का जायजा लेने दमोह विधायक जयंत मलैया, राज्य मंत्री लखन पटेल, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, एएसपी संदीप मिश्रा, एसडीएम आरएल बागरी, सीएसपी अभिषेक तिवारी, कोतवाली टीआई आनंद सिंह सहिता और भी अधिकारी पहुंचे और इंतजाम देखे। दरअसल, प्रधानमंत्री के तीन हेलीकॉप्टर उतरते हैं। इसके लिए बड़ा हेलीपेड चाहिए। पहले होमगार्ड ग्राउंड का निरीक्षण किया गया था। वह छोटा है और अब इमलाई फेक्ट्री के पास स्थान खोजा जा रहा है। अभी केवल इस प्रकार की जानकारी सामने आ रही है कि प्रधानमंत्री दमोह आ सकते हैं, आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। यदि पीएम का दमोह आगमन फायनल हो गया तो पीएम की सुरक्षा में लगी एसपीजी पहले दमोह पहुंचेगी। उसके बाद तय होगा कि पीएम मोदी किस दिन दमोह आएंगे।

भोपाल की मधु थामस को अमेरिका में मिला बेस्ट टीचर का खिताब

MADHU THOMAS
Central Florida STEM Teacher of the Year
Awarded By AIChE Central Florida Section

भोपाल। भारतीय ज्ञान और कौशल का एक बार फिर विश्व स्तर पर सम्मान हुआ है। इस बार मान का यह मुकुट मधु थामस के मस्तक पर सुशोभित हुआ है, जो पेशे से शिक्षक हैं। हाल ही में फ्लोरिडा स्टेट टीचर आफ द ईयर अवार्ड-2024 के लिए मधु का चयन हुआ। अमेरिका में यह सम्मान पाने वाली वे भारत की पहली शिक्षिका हैं। मधु थामस भोपाल में पली-बढ़ी हैं। सेंट जोसेफ कांवेंट स्कूल और बरकउल्ला विश्वविद्यालय में उन्होंने पढ़ाई पूरी की। इसके अलावा उन्होंने राधाकृष्णन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में उन्होंने बतौर विज्ञान शिक्षिका के रूप में सेवाएं दी। 21 वर्ष पहले उनका चयन अमेरिकन इंस्टीट्यूट आफ केमिकल इंजीनियर्स के लिए हुआ। अपने लंबे कार्यकाल में मधु ने विज्ञान शिक्षा के अभिनव प्रयोग, अनुशासन, विद्यार्थियों के मनोविज्ञान और बेहतर व्यक्तित्व के निर्माण के लिए एक कर्त्तव्यनिष्ठ शिक्षिका का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया है। उनकी उपलब्धियों और संस्थागत प्रतिबद्धता को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें स्टेट टीचर आफ द ईयर के लिए चुना गया। गत नौ अप्रैल को अमेरिका में आयोजित एक कार्यक्रम में सम्मान पट्टिका और स्मृति चिह्न भेंट कर मधु को पुरस्कृत किया गया। उल्लेखनीय है कि अमेरिकन इंस्टीट्यूट आफ केमिकल इंजीनियर्स की स्थापना वर्ष 1908 में की गई थी। दुनिया भर के 110 देशों के साठ हजार से भी अधिक पेशेवर इंजीनियर्स और शोधार्थी वहां काम करते हैं।

12वीं की छात्रा ने एसिड पीकर दी जान, नहीं मिला सुसाइड नोट

भोपाल। शहर के कोलार थाना इलाके में रहने वाली एक छात्रा की एसिड पीने के कारण मौत हो गई। वह 12 वीं कक्षा में पढ़ती थी। पुलिस को उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, इस कारण अभी खुदकुशी की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। मर्ग कायमी के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। कोलार थाना पुलिस के मुताबिक 18 वर्षीय गरिमा पुत्री राम प्रसाद रायकवार गेहूंखेड़ा में परिवार के साथ रहती थी। इस वर्ष उसने बारहवीं की परीक्षा दी थी। शुक्रवार शाम को गरिमा की मां अपनी बड़ी बेटी के साथ घर से कुछ बेटे की दुकान पर खाना देने गई थी। गरिमा घर में अकेली थी। उसी दौरान उसने घर में रखा टायलेट क्लीनर पी लिया था। मां लौटकर जब घर पहुंची, तो गरिमा को उल्टियां करते पाया। हालत बिगड़ती देख उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान रात करीब 11:30 बजे गरिमा ने दम तोड़ दिया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि गरिमा घरेलू कामकाज करने में रुचि नहीं लेती थी। इस वजह से मां अक्सर उसे डांट-फटकार देती थी। हालांकि अभी इस मामले में स्वजन के विस्तृत बयान दर्ज नहीं किए जा सके हैं।

बोहरा समाज के बीच पहुंचे भाजपा प्रत्याशी, अबकी बार-400 पार ने बढ़ाई कांग्रेस की टेंशन

मस्जिद में गूंजा हर हर मोदी, घर -घर मोदी

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

भोपाल। मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव में प्रचार तेज होता जा रहा है। प्रत्याशी वोटरों को साधने उनके पास पहुंच रहे है। इसी क्रम में भोपाल से भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा अलीगंज हैदरी मस्जिद में पहुंचे। जहां बोहरा समाज के लोगों ने उनके समर्थन में हर हर मोदी, घर घर मोदी के नारे लगाए। समाज के लोगों ने कहा कि मोदी है मुमकिन है, अबकी बार 400 पार। इस दौरान बोहरा समाज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कमल के चिन्ह लगे पोस्टर भी लहराए। इस दौरान मस्जिद के आमिल साहब जनाब जौहर अली ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की दिल खोलकर की तारीफ की। उन्होंने कहा कि हम हमारे वजीरे आलम की बेहद कद्र करते है उनसे हमारे घर जेसे रिश्ते है। अल्लाह करें उन्हें कामयाबी मिले।

बता दें भाजपा ने 400 लोकसभा की सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। इसमें भाजपा मुस्लिम समेत हर वर्ग के वोटरों को साधने में जुटी हुई है। इस समाज के लोग 11वीं शताब्दी में मिस्त्र से भारत आए थे। बोहरा समाज देश में सबसे ज्यादा गुजरात में रहते है। इनकी संख्या अहमदाबाद और सूरत जैसे शहर में अच्छी खासी है। मध्य प्रदेश में इनकी संख्या इंदौर, शाजापुर और उज्जैन में अच्छी खासी है। बोहरा समाज के कार्यक्रम में कुछ साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंदौर में शामिल हुए थे।

मुस्लिम वोटरों को साधने पर फोकस

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) हर वर्ग को साधने के लिए जुटी हुई है। इसके लिए केंद्र सरकार की योजनाओं के हितग्राहियों से संपर्क किया जा रहा है। भाजपा उनको बता रही है कि प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान योजना में मुफ्त इलाज, मुफ्त राशन, लाड़ली बहना का फायदा उनकी सरकार उनको उपलब्ध करा रही है। भाजपा मुस्लिम वोटरों को अपने वोट बैंक में बदलने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। भोपाल की सात में उत्तर विधानसभा और मध्य विधानसभा पर अभी कांग्रेस का कब्जा है। इन दोनों ही सीट पर मुस्लिम वोटर बड़ी संख्या में रहते है। भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी आलोक शर्मा दो बार उत्तर विधानसभा से चुनाव लड़े हालांकि उनको हार का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद वह मुस्लिम समाज के परिवारों के बीच लगातार संपर्क कर रहे है।

मस्जिद में मोदी से दो फाड़ हुआ बोहरा समाज

राजधानी भोपाल में ईद-उल-फितर के त्योहार पर बोहरा समुदाय के आमिल साहब से मुलाकात करने पहुंचे भोपाल लोकसभा प्रत्याशी आलोक शर्मा के समर्थकों ने समाज के जमातखाने में सियासी नारे लगाए। धार्मिक स्थल पर संचालित इन राजनीतिक गतिविधियों से बोहरा समुदाय नाराज दिखाई दे रहा है। इसको लेकर समाजजन आमिल जौहर अली से लगातार सवाल कर रहे हैं। उनकी नाराजगी आलोक शर्मा से भी है, जिनके समर्थक समाज के जमातखाने को मस्जिद कहकर प्रचारित कर रहे हैं। ईद के समय हुए आयोजन को भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा के समर्थक अब शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल कर रहे हैं, जिसमें कहा जा रहा है कि मस्जिद से पीएम मोदी के पक्ष में नारे लगाए गए हैं। नारे, पोस्टर और आलोक का समाजजनों के बीच पहुंचने का वीडियो लगातार वायरल होते हुए मीडिया सुर्खियों में आ गया है। शनिवार सुबह से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो से बोहरा समुदाय सख्त नाराज दिखाई दे रहा है। वे लगातार आमिल जौहर अली से इस बारे में सवाल कर रहे हैं, लेकिन उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिल पा रहा है। बताया जा रहा है कि इस मामले में समाज के 90 फीसदी से ज्यादा लोग आमिल जौहर अली और भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा के खिलाफ खड़े दिखाई दे रहे हैं। उनकी नाराजगी जमातखाने को मस्जिद कहकर प्रचारित करने से भी है और किसी मजहबी स्थान से सियासी गतिविधि के संचालन से भी वे खफा हैं। दाऊदी बोहरा समुदाय के कमरुद्दीन दाऊदी ने कहा कि दाऊजी बोहरा समाज को सार्वजनिक रूप से इस तरह की समाज स्तर पर आमिल साहब के सामने भारतीय जनता पार्टी का प्रचार नहीं करना चाहिए। समाज का मरकज हो या मस्जिद हो, उसको इस तरह से राजनीतिक अखाड़ा नहीं बनना चाहिए। कमरुद्दीन दाऊदी ने बताया कि इस मामले को लेकर समाज के 90 प्रतिशथ से ज्यादा लोग नाराज हैं। लेकिन वह अपना नाम नहीं बताना नहीं चाहते।

विशेष जांच दल के सदस्यों ने विवि में 10 से अधिक अधिकारियों व कर्मचारियों से की पूछताछ, जुटाए दस्तावेज

एफडी घोटाले की जांच करने आरजीपीवी पहुंची एसआईटी

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

भोपाल। राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में 19.48 करोड़ रुपए के एफडी घोटाले में तत्कालीन कुलपति प्रोफेसर सुनील कुमार गुप्ता की गिरफ्तारी के बाद विवि में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों में डर है। एसआईटी की टीम ने तीन घंटे तक विवि में वित्त नियंत्रक ऋषिकेश वर्मा व कुलसचिव आरएस राजपूत के खिलाफ सबूत जुटाने का काम किया। मामले में 10 से अधिक कर्मचारियों व अधिकारियों से पूछताछ की गई है। इस मामले में वर्तमान कुलसचिव मोहन सेन से अन्य दस्तावेज मांगे गए।

प्रो. सुनील कुमार गुप्ता का विवि में बतौर कुलपति यह दूसरा कार्यकाल था। वे साल 2017 में पहली बार कुलपति बने थे। उस समय उन्हें रीवा इंजीनियरिंग कालेज में प्रोफेसर बने करीब साढ़े सात साल ही हुए थे, जबकि कुलपति पात्रता के लिए नियमानुसार बतौर प्रोफेसर 10 साल का अनुभव अनिवार्य है। तब भी प्रो. कुमार को कुलपति बनाया गया। राजभवन द्वारा कुलपति के चयन के लिए गठित पहली सर्च कमेटी ने उनके नाम को पैनल में शामिल नहीं किया था। जिसके तत्काल बाद एक अन्य सर्च कमेटी गठित कर दी गई, जिसने प्रो. कुमार के नाम को चयनित पैनल में रखा और उन्हें कुलपति बनाया गया। तब भी प्रो. कुमार की नियुक्ति पर पात्रता को लेकर सवाल उठे थे। फिर से 2021 में उन्हें कुलपति नियुक्त किया गया। इसके बाद करीब साढ़े छह साल का कार्यकाल काफी विवादित रहा। विवि में करीब 50 से अधिक रैगिंग की घटनाओं के साथ-साथ कोविड काल में साफ्टवेयर खरीदी घोटाला, करियर एडवांसमेंट स्कीम में गड़बड़झाला, फर्नीचर सहित निर्माण कार्यों में 170 करोड़ रुपये का घोटाले सामने आए।

RAJIV GANDHI PROUDYOGIKI VISHWAVIDYALAYA M.P.
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, म. प्र.
(STATE TECHNOLOGICAL UNIVERSITY OF M.P.)

पूर्व वाइस चांसलर को भेजा जेल, फरार रजिस्ट्रार और वित्त नियंत्रक पर बढ़ सकता है इनाम

भोपाल। राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) के पूर्व कुलपति प्रो. सुनील कुमार गुप्ता को कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इस मामले में पूर्व रजिस्ट्रार प्रो. आरएस राजपूत और वित्त नियंत्रक ऋषिकेश वर्मा पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। आरोपियों के खिलाफ 30 हजार रुपए का इनाम और लुकआउट नोटिस जारी किया है। पुलिस दोनों फरार आरोपियों के ऊपर इनाम की राशि बढ़ा सकती है।

पूर्व कुलपति प्रो. सुनील कुमार गुप्ता, पूर्व रजिस्ट्रार प्रो. आरएस राजपूत और सेवानिवृत्त वित्त नियंत्रक ऋषिकेश वर्मा ने यूनिवर्सिटी की 19.48 करोड़ रुपए की राशि को निजी बैंक खाते में ट्रांसफर किया था। इस घोटाले को अंजाम देने के लिए कुटरचित दस्तावेज भी बनाए गए थे। इस मामले में तीन मार्च को यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार ने पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस दो बैंक के अधिकारी, एक दलित संघ संस्था के पदाधिकारी को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। फरवरी में घोटाले के सामने आने के बाद कुलपति छुट्टी पर चले गए थे। छह मार्च को छुट्टी से लौटने के बाद उन्होंने राज्यपाल को अपना इस्तीफा दे दिया था। सरकार ने कुछ दिन पहले ही प्रो. सुनील कुमार गुप्ता को निलंबित भी कर दिया है।

राजपूत को प्रो. कुमार ने बनाया था प्रोफेसर

विवि के अधिकारियों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1990-91 में प्रो. सुनील कुमार और एफडी घोटाले के सहआरोपित तत्कालीन कुलसचिव आरएस राजपूत की पहली नियुक्ति सागर इंजीनियरिंग कालेज में बतौर सहायक प्राध्यापक और प्रोफेसर के पद पर हुई थी। जब प्रोफेसर बनाने के लिए समिति गठित हुई तो उसमें प्रो. कुमार भी सदस्य के रूप में शामिल थे। उन्होंने ही राजपूत को पदोन्नति देकर प्रोफेसर बनाया था। इसके बाद दोनों सागर से रीवा इंजीनियरिंग कालेज आ गए। इसके बाद प्रो. कुमार 2017 से आरजीपीवी के कुलपति रहे।

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री बोले- लोकतंत्र नहीं, कांग्रेस व इंडी गठबंधन खतरे में

कांग्रेस सिर्फ बातें करती रही : रामदास आठवले

भोपाल। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री तथा रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया के अध्यक्ष रामदास आठवले ने कहा कि कांग्रेस सिर्फ बातें करती है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बाबा साहब आंबेडकर को वास्तव में सम्मान दिया है। आठवले ने यह बात भाजपा मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया सभी सीटों पर भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देगी। इस बार लोकसभा चुनाव में छिंदवाड़ा सहित मध्य प्रदेश की सभी 29 सीटों पर भाजपा जीत हासिल करेगी और देश में अबकी बार, 400 पार का नारा साकार होगा।

केंद्रीय मंत्री आठवले ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और आइएनडीआइ गठबंधन के पास कोई दूसरा विषय नहीं है, इसलिए वो बोलते हैं कि देश का लोकतंत्र खतरे में है। प्रधानमंत्री मोदी लोकतांत्रिक तरीके से देश को चला रहे हैं। लोकतंत्र नहीं, बल्कि कांग्रेस पार्टी और आइएनडीआइए गठबंधन खतरे में है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के लोग मोदी के बारे में उल्टी-सीधी बातें बोलते हैं, गालियां देते रहते हैं, लेकिन ये मोदी को जितनी गालियां देंगे, उनके वोट उतने ही बढ़ते हैं। आठवले ने कहा कि 2019 में कांग्रेस ने राफेल विमान खरीदी के नाम पर बखेड़ा किया था। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने यह साफ कर दिया था कि राफेल खरीदी में कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ। इसके बाद राहुल गांधी को माफी मांगनी पड़ी थी।

ईडी, सीबीआई का दुरुपयोग नहीं

आठवले ने कहा कि कांग्रेस और आइएनडीआइए गठबंधन के लोग ईडी, सीबीआई जैसी संस्थाओं के दुरुपयोग का आरोप लगाती हैं, जो गलत है। ईडी हो या सीबीआई ये सभी संवैधानिक संस्थाएं हैं और ये नियम-कानून के हिसाब से चलती हैं, भारतीय जनता पार्टी के हिसाब नहीं। उन्होंने कहा कि चाहे हेमंत सोरेन हों या अरविंद केजरीवाल हों, इनके खिलाफ सरकारी एजेंसियों के पास पर्याप्त सबूत हैं, जिसके आधार पर इनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि अगर विपक्षी नेताओं को यह लगता है कि वो गलत नहीं हैं, तो वे कोर्ट जाएं, कोर्ट उनकी बात सुनेगा।

जागरूकता

तुलाई केंद्रों एवं वेयरहाउस के मतदाताओं ने जाना मतदान का महत्व

हर एक वोट का वजन बराबर, समझें इसकी कीमत

मृदुभाषी, सिटी रिपोर्टर

भोपाल। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम लगातार चलाया जा रहा है। इसमें स्वीप आईकॉन सारिका घारू लोगों को गांव-गांव पहुंचकर मतदान के प्रति जागरूक कर रही हैं। उन्होंने इस बार समझाइस देकर बताया कि हर वोट का वजन बराबर रहता है। मतदाताओं को इसकी कीमत समझना चाहिए।

मतदाता केवल पक्के भवनों में ही दिन भर नहीं रहते हैं। अनेक मतदाता दिन में अपनी मजदूरी करते हुये खेत, खलिहानों, अनाज तुलाई केंद्रों, वेयरहाउस आदि में भी दिन बिताते हैं। आने वाले पांच सालों तक के लिये वे अपनी सरकार बनाने योगदान जरूर दें, ये बताने स्वीप आईकॉन सारिका घारू इन दिनों इन वर्ग के मतदाताओं के बीच पहुंच रही है। सारिका ने बताया कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे कार्यक्रम में परंपरागत जागरूकता कार्यक्रम से हटकर श्रमिकों, किसानों के बीच पहुचा जा रहा है जो हमारे मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग है।

कार्यक्रम में वोटिंग मशीन के साथ, वीवीपेट की कार्यप्रणाली को मॉडल की मदद से समझाया जाकर सही प्रक्रिया से मतदान करने की जानकारी दी जा रही है। इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा गर्मी को देखते हुये छाया, पीने का पानी, वालेंटियर, महिलाओं, बुजुर्गो एवं दिव्यांगो को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी दी जा रही है।

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक जितेंद्र कोठारी द्वारा पी.जी. इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा.ली. राऊखेड़ी, देवास रोड, इंदौर (म.प्र.) 453771 से मुद्रित एवं प्लाट नंबर - 219, स्कीम नंबर - 134, सेक्टर - बी, स्टार हाउस के पीछे (बैंक ऑफ इंडिया रेसीडेंशियल अपार्टमेंट) इंदौर (मध्य प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक - मिलिंद बायवार*। आरएनआई नं. एमपीबीआईएल/2020/80117 मो. 83570-81000, 83570-89000, Email: mradubhashi.news@gmail.com * पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र इंदौर रहेगा।)